दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज बिहार से प्रकाशित संपूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश में प्रसारित!

Digital Daily News Paper R.N.I. 68041/93 सूचना प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार

# लोकतंत्र की आवाज




● नवादा से प्रकाशित ● नवादा, मंगलवार 07 जुलाई 2026 ● वर्ष : 04 अंक : 1115

## संक्षिप्त खबरें ।

### भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल होगा स्वदेशी युद्धपोत 'महेंद्रगिरि', जानें कितना है ताकतवर और किन हथियारों से है लैस?

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नईदिल्ली।** 11 जुलाई 2026 को भारतीय नौसेना की बेड़े में शामिल होगा आईएनएस महेन्द्रगिरि. न्यूज 24 को मिली जानकारी के मुताबिक, भारतीय नौसेना का छठा प्रोजेक्ट 17A स्वदेशी स्टील्थ फ्रिगेट, आईएनएस महेंद्रगिरि (F38), को विशाखापत्तनम में कमीशन किया जाएगा। बता दें कि आईएनएस महेन्द्रगिरि का निर्माण 75 प्रतिशत स्वदेशी तरीके से किया गया है. एडमिरल संदीप सिंह के मुताबिक यह युद्धपोत हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की समुद्री सुरक्षा और रक्षा क्षमताओं को एक नई मजबूती देगा। इंडियन नेवी से मिली जानकारी के मुताबिक इस युद्धपोत का नाम पूर्वी घाट में राजसी महेंद्रगिरि पर्वत श्रृंखला के नाम पर रखा गया इस युद्धपोत को लचीलापन, ताकत का प्रतीक माना जा रहा है।

**आईएनएस महेंद्रगिरि की मुख्य खासियत:** इसका निर्माण मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड ने किया है। आईएनएस महेन्द्रगिरि की डिजाइन को नौसेना के वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो ने बनाया है. यह युद्धपोत विमान-रोधी, सतह-रोधी और पनडुब्बी-रोधी युद्ध करने में पूरी तरह से सक्षम है. इसके साथ ही महेन्द्रगिरि को घातक ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों और उन्नत सेंसर सुइट्स से लैस किया गया है. यह युद्धपोत एक आधुनिक संयुक्त डीजल या गैस से संचालित हो सकता है, जो समुद्री मिशनों के पूरे स्पेक्ट्रम में असाधारण सहनशक्ति के साथ उच्च गति संचालन को सक्षम बना। हवा-रोधी, सतह-रोधी और पनडुब्बी-रोधी अभियान चलाने में सक्षम, महेंद्रगिरि समुद्री सुरक्षा, शक्ति मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर), खोज और बचाव, के कामों के लिए भी आईएनएस महेन्द्रगिरि बहुत ही कारगर साबित होगा। भारत हिंद महासागर क्षेत्र में चीन, पाकिस्तान और म्यांमार के साथ मिलकर अपना युद्ध शी ग्राउंड बनाने की फिराक में है, चीन की किसी भी चुनौतियों का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए भारतीय नौसेना के लिए यह युद्धपोत बेहद ही खास होगा। भारतीय नौसेना स्वदेशी युद्धपोतों के माध्यम से अपनी समुद्री क्षमताओं को ज्यादा से ज्यादा मजबूत करने में जुटी हुई है, महेंद्रगिरि एक मिशन प्राइमेड इकाई के रूप में अपने आदर्श वाक्य, माइटी-मैजेस्टिक-मैचल्स को पूरा करते हुए, देश की सेवा करने के लिए तैयार है।

## झारखंड में झामुमो-भाजपा सरकार?, कांग्रेस के साथ 'खेला'?, एनडीए की सरकार बना सकते हैं हेमंत सोरेन!

**लोक तंत्र की आवाज़**

**रांची।** झारखंड की सियासत में सत्तारूढ़ गठबंधन (झामुमो-कांग्रेस) के भीतर इन दिनों काफी सियासी हलचल देखने को मिल रही है. हाल ही में हुए राज्यसभा चुनावों में क्रॉस-वोटिंग से उपजे असंतोष के बाद दोनों पक्षों में तनातनी काफी बढ़ गई है. हाल के दिनों में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने अपनी सुरक्षा में लगे जवानों और वाहनों को वापस करके सियासी हलकों में हलचल बढ़ा दी है।

इसके साथ ही उन्होंने एक साथ कई मुद्दों पर नाराजगी जाहिर कर यह संकेत दे दिया है कि गठबंधन के भीतर सब कुछ सामान्य नहीं है. वहीं, सरकारी फैसलों की शैली, कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपेक्षा को लेकर कई वरिष्ठ नेता नाराज बताए जा रहे हैं. हाल यह है कि राधा कृष्ण किशोर पिछले कुछ दिनों से अपनी ही सरकार से नाराज चल रहे हैं।

कांग्रेस कोटे से सबसे वरीय मंत्री और सरकार में नंबर-2 की हैसियत रखने वाले राधा कृष्ण किशोर के इस कम से सभी हैरान हैं. राधा कृष्ण किशोर की नाराजगी के बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दिल्ली चले गए हैं. मुख्यमंत्री का यह दौरा निजी बताया जा रहा है. लेकिन सियासी गलियारे में कई



तरह की चर्चाएं होने लगी हैं।

इसका मुख्य कारण यह है कि झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू और पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी इन दिनों दिल्ली में हैं. दोनों नेताओं ने रविवार को पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन से मुलाकात करके प्रदेश की राजनीतिक स्थिति समेत कई मुद्दों पर चर्चा की. ऐसे में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिल्ली दौरे को लेकर प्रदेश का सियासी अटकलों का बाजार गर्म हो गया है।

सियासी गलियारों में चल रही चर्चाओं पर गौर करें तो आने वाले वक्त में सूबे की सियासत में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता हैं. चर्चा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अब कांग्रेस नेताओं की बयानबाजी से नाराज हो गए हैं और जल्द ही भाजपा के साथ गठबंधन करके झारखंड में एनडीए की सरकार बना सकते हैं।

इसका मुख्य कारण यह भी बताया जा रहा है कि झारखंड महागठबंधन में टूट के संकेत राज्यसभा चुनाव के वक्त ही सामने आ गया था. महागठबंधन के पास पर्याप्त नंबर होने के बावजूद कांग्रेस उम्मीदवार प्रणव झा को हार का सामना करना पड़ा था. ऐसे में कांग्रेस ने भले ही हार के लिए राजद और वामदलों पर धोखा देने का आरोप लगाया हो। लेकिन झारखंड की सियासत को समझने वाले कह रहे कि इसके पीछे सोरेन की रणनीति थी. इस एक दांव से हेमंत सोरेन ने कांग्रेस को भी सबक सिखा दिखा और एनडीए को दिखा दिया कि उनके विधायकों को तोड़ना आसान नहीं. राज्यसभा चुनाव में झामुमो के विधायक भी एकजुट रहे और कांग्रेस की लुटिया डुबोकर एनडीए को संदेश भी भेज दिया गया।

हालांकि, हेमंत सोरेन के एनडीए में जाने की अटकलबाजी दिसंबर 2025 से लगातार जारी है, लेकिन झामुमो अध्यक्ष ने हमेशा इंडिया गठबंधन की मजबूती की वकालत की है. उल्लेखनीय है कि 4 जुलाई को वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने वित्त सचिव प्रशांत कुमार को एक पत्र भेजा है।

इस पत्र में राधा कृष्ण किशोर ने पूछा है कि विभाग के संयुक्त सचिव पंकज सिंह ने किस हैसियत और प्रावधान के तहत मुझे गाड़ी वापस करने से संबंधित नोटिस भेजा है। कार्यपालिका में ऐसा कौन सा प्रावधान है। किसके कहने पर उन्होंने पत्र भेजा है। वित्त मंत्री ने कहा कि अगर पुलिस मुख्यालय का आदेश था, तो फिर वह पत्र दिखाएं, वित्त सचिव को पूरे मामले में जांच करने को कहा है।

10 दिनों के अंदर रिपोर्ट मांगी है। संयुक्त सचिव पर विभागीय कार्रवाई करने को कहा है. हालांकि वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि मैं सरकार का ही काम कर रहा हूं. सरकार से नाराजगी जैसी बात नहीं है।

## भारत और ईरान दोस्ती की मिसाल, खामेनेई के अंतिम संस्कार में शामिल होने पर तेहरान ने जताया आभार



**लोक तंत्र की आवाज़**

**नई दिल्ली।** ईरान ने अपने पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए भारत सरकार और भारतीय लोगों का आभार जताया है। भारत में ईरानी दूतावास ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (ट्विटर) पर कहा कि भारत का यह कदम दोनों देशों के बीच सदियों पुराने गहरे ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और मानवीय रिश्तों को दिखाता है।

**भारत की तरफ से कौन-कौन हुआ शामिल?:** भारत की ओर से विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा और बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) सैयद अता हसनैन अंतिम संस्कार में शामिल हुए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद भी तेहरान पहुंचे। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री व पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती भी अंतिम संस्कार में शामिल हुईं। महबूबा मुफ्ती ने तेहरान से लौटते हुए 'एक्स' पर लिखा कि दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं हमेशा ईरान के साहसी नेतृत्व और वहां के लोगों के साथ हैं। हम हमेशा आपके साथ खड़े रहेंगे।

**ईरानी दूतावास ने क्या कहा?**

भारत में स्थित ईरानी दूतावास ने अपनी पोस्ट में लिखा ईरान के लोग भारत की इस दोस्ती, हमदर्दी और सम्मान को कभी नहीं भूलेंगे। भारत के राजनीतिक नेताओं, सांसदों, विद्वानों और विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी दोनों देशों की लंबे समय से चले आ रही गहरी दोस्ती का प्रतीक है। दुख के इस समय में भारत ने ईरान के साथ जो सहानुभूति दिखाई है, वह दोनों देशों की दोस्ती को और मजबूत करेगी।

**कब हुई थी खामेनेई की मौत?:** अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत इसी साल 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल के हमलों में हुई थी। इस हमले के बाद पश्चिम एशिया में तनाव काफी बढ़ गया। तेहरान में उनके अंतिम संस्कार में लाखों की संख्या में लोग शामिल हुए। खामेनेई के निधन के बाद उनके बेटे मोजतबा खामेनेई को ईरान का नया सर्वोच्च नेता नियुक्त किया गया है।

## ममता को नजरबंद करने की साजिश... बरुईपुर रेप कांड पर भड़की TMC, कहा- दीदी को पीड़िता के घर जाने से रोका गया

**लोक तंत्र की आवाज़**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के बारुईपुर में 12 साल वर्षीय बच्ची के दुष्कर्म और हत्या के मामले को लेकर सूबे की राजनीति गरमा गई है. पूर्व मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (TMC) प्रमुख ममता बनर्जी के बारुईपुर दौरे से पहले उनके आवास की सुरक्षा बढ़ा दी गई. आवास के बाहर सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है. TMC ने इसे राजनीतिक कदम बताते हुए केंद्र और प्रशासन पर गंभीर सवाल उठाए हैं. TMC ने इस कदम को बनर्जी की पीड़ित परिवार से मिलने में बाधा डालने का प्रयास बताया।

बारुईपुर में हुई इस दिल दहला देने वाली घटना के बाद मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल (SIT) का गठन किया गया है. जादवपुर से TMC





सांसद सायानी घोष ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी. उन्होंने बताया कि मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए SIT बनाई गई है. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी से भी बातचीत की है।

**TMC ने केंद्रीय बलों की तैनाती पर उठाए सवाल:** ममता बनर्जी के आवास के बाहर केंद्रीय सुरक्षा बलों की मौजूदगी पर TMC नेताओं ने कड़ी आपत्ति जताई. पार्टी सांसद डोला सेन ने आरोप लगाया कि क्या ममता बनर्जी को नजरबंद करने की कोशिश की जा रही है. उन्होंने इसे सुपर इमरजेंसी करार दिया।

**ममता बनर्जी जन नेता हैं...':** डोला सेन ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा 'बंगाल और कोलकाता में क्या हो रहा है? बरुईपुर में जो हुआ, वो तो सबको पता है. दीदी (ममता बनर्जी) जन नेता हैं. इतनी भयानक घटना के बाद वो वहां जाना चाहती थीं. लेकिन क्या उन्होंने उन्हें नजरबंद कर दिया है? क्या ऐसा करके वे दीदी को रोक पाएंगे?. बिना किसी कारण के इतने सारे पुलिस अधिकारी यहां तैनात हैं. पुलिस प्रशासन जो भी कर रहा है, वो सही नहीं है'।

**न्याय की आवाज नहीं दबाई जा सकती:** वहीं TMC नेता मदन मित्रा ने भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन की आलोचना की. उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी अपने आवास पर पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर रही हैं और जनता की आवाज को दबाया नहीं जा सकता. उन्होंने कहा कि जिस तरह आरजी कर अस्पताल मामले में न्याय की मांग उठी थी, उसी तरह बारुईपुर की पीड़िता को भी न्याय मिलना चाहिए।

## किस भ्रम में हो, भारत जैसा देश हमारे साथ', अमेरिका को नेतन्याहू ने दिखा दिया आईना

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नईदिल्ली।** इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के इस दावे को खारिज कर दिया कि वॉशिंगटन इजरायल का एकमात्र ताकतवर सहयोगी है. उन्होंने फॉक्स न्यूज से कहा, "इजरायल, अमेरिका के अलावा भारत सहित अन्य सहयोगियों के समर्थन पर भी निर्भर है." यह बयान लेबनान में इजरायल के सैन्य अभियानों और ईरान के साथ अमेरिका की मध्यस्थता वाले शांति समझौते को लेकर दोनों सहयोगियों के बीच बढ़ते तनाव के बीच आया है।

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को भारत से मिल



रहे समर्थन का जिक्र करते हुए अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस के उस बयान का जवाब दिया है, जिसमें वेंस ने कहा था कि अमेरिका ही इजरायल का एकमात्र ताकतवर सहयोगी है।

नेतन्याहू ने 'फॉक्स न्यूज संडे ब्रीफिंग' में कहा कि इजरायल को कई अन्य देशों का समर्थन हासिल है, जिनमें 'भारत जैसा एक छोटा देश' भी शामिल है. नेतन्याहू ने कहा, "हमारे कुछ और दोस्त भी हैं, जैसे भारत जैसा एक छोटा देश, आप जानते हैं, वहां 1.4 अरब लोग हैं और सच कहूं तो, हमें वहां से जबरदस्त समर्थन मिलता है।

**जेडी वेंस ने क्या कहा था?:** पिछले महीने, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने व्हाइट हाउस में एक ब्रीफिंग के दौरान कहा था कि इजरायल को अमेरिका-ईरान शांति वार्ता का सम्मान करना चाहिए। जब उनसे उन रिपोर्टों के बारे में पूछा गया, जिनमें कहा गया था कि इजरायली नेता अमेरिका-ईरान समझौते से नाखुश हैं और राष्ट्रपति ट्रंप की आलोचना कर रहे हैं, तो वेंस ने कहा, "अगर मैं इजरायली सरकार की कैबिनेट में होता, तो मैं शायद उस एकमात्र ताकतवर सहयोगी की आलोचना नहीं करता, जो पूरी दुनिया में मेरे पास बचा है।


**फेसबुक पर मिलता है सपोर्ट...::** इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा, "मुझे फेसबुक पर भारत से बहुत समर्थन मिल रहा है. आप जानते हैं, मेरा फेसबुक पर भी अकाउंट है और मुझे वहां जबरदस्त समर्थन मिलता है. हो सकता है कि मेरे और भी कई समर्थक हों। उन्होंने वेंस के इस दावे का खंडन किया कि इजरायल का कोई अन्य सहयोगी नहीं है. नेतन्याहू ने कहा, "हमारे बहुत सारे दोस्त हैं," जिनमें ऐसे देश भी शामिल हैं, जो इजरायल के बेहतरीन साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों से मदद लेना चाहते हैं।

## इस्लामी दुनिया में दो फाड़... खामेनेई के जनाजे में नहीं पहुंचे ये 3 कट्टर मुस्लिम देश

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नईदिल्ली।** यह एक ऐसा दृश्य था, जिसकी ओर पूरी मुस्लिम उम्मा की निगाहें टिकी थीं. ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के अंतिम संस्कार में दुनिया भर से प्रतिनिधिमंडल पहुंचे. भारत के केंद्रीय मंत्री पहुंचे. चीन ने अपना विशेष दूत भेजा, रूस की ओर से वरिष्ठ प्रतिनिधि मौजूद रहे, तुर्की के उपराष्ट्रपति तेहरान पहुंचे, पाकिस्तान का तो पूरा कुनबा ही वहां था. मध्य एशिया के कई देशों ने भी शिरकत की. लेकिन इस भीड़ में तीन नामों की अनुपस्थिति सबसे ज्यादा चर्चा का विषय बनी. ये तीन देश थे- संयुक्त अरब अमीरात (UAE), बहरीन और कुवैत।

ये तीनों देश न केवल मुस्लिम बहुल राष्ट्र हैं, बल्कि खाड़ी क्षेत्र की राजनीति



और अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण स्तंभ भी हैं. विशुद्ध इस्लामिक देश होने के बावजूद इन 3 देशों ने आखिर मुस्लिम दुनिया के एक बड़े चेहरे को श्रद्धांजलि देने के लिए अपना प्रतिनिधिमंडल नहीं भेजा? लेकिन क्यों? वो भी तब जब दुनिया के कई देश तेहरान में मौजूद थे।

ये वो सवाल है जिसमें गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल (GCC) की राजनीति, खाड़ी में मुस्लिम देशों के बीच की प्रतिद्वंद्विता और आपसी टकराव की कहानी छिपी है।

**तीन कट्टर मुस्लिम देशों ने खामेनेई को नहीं दी श्रद्धांजलि:** GCC की स्थापना 25 मई 1981 को हुई थी. इसके कुल 6 सदस्य देश हैं. सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात (UAE), कुवैत, कतर, बहरीन और ओमान. इसकी स्थापना का उद्देश्य मुस्लिम उम्मा समेत पूरी दुनिया में ईरान के बढ़ते प्रभाव को कम करना था. यहां यह भी जानना जरूरी है कि बहरीन को छोड़कर GCC के सभी 5 देश सुन्नी बहुल हैं, जब ईरान शिया बहुल इस्लामिक राष्ट्र है. इसलिए भी इनके बीच प्रतियोगिता चलती रहती है।

बहरीन की कहानी थोड़ी अलग है। यह देश है तो शिया बहुल लेकिन यहां शासन सुन्नी अल खलीफा परिवार के पास है. इसलिए बहरीन का ईरान से तनाव रहता है. बहरीन की सुन्नी राजशाही लंबे समय से ईरान पर देश के शिया समुदाय को प्रभावित करने का आरोप लगाती रही है।

वहीं UAE और ईरान के बीच अबू मूसा तथा टुंब द्वीपों को लेकर पुराना क्षेत्रीय विवाद मौजूद है. कुवैत के संबंध अपेक्षाकृत संतुलित रहे हैं, लेकिन उसने भी हमेशा ईरान के साथ एक सावधानीपूर्ण दूरी बनाए रखी है।

लंबे समय तक ईरान और GCC के बीच संबंध अविश्वास, प्रतिस्पर्धा और धार्मिक वैचारिक टकराव से प्रभावित रहे. ईरान खुद को क्षेत्रीय शक्ति मानता है, जबकि खाड़ी देशों को अक्सर लगता रहा है कि तेहरान अपनी क्रांतिकारी विचारधारा और क्षेत्रीय नेटवर्क के जरिए अरब दुनिया में प्रभाव बढ़ाना चाहता है।

हाल के ईरान-अमेरिका इजरायल युद्ध के दौरान ईरान ने GCC के इन सभी 6 देशों पर अपने शाहेद ड्रोनों से तबाही मचा दी. तुलनात्मक रूप से ताकतवर माने जाने वाले सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात पर भी ईरान ने हमले किए. ईरान के इन हमलों के दौरान खाड़ी के देश असहाय और मजबूर बने रहे।

## नाटो समिट से पहले यूक्रेन पर रूस का भीषण मिसाइल हमला, कीव में धमाकों से दहली राजधानीं

**लोक तंत्र की आवाज**

**कीव।** रूस ने सोमवार सुबह यूक्रेन की राजधानी कीव पर बैलिस्टिक मिसाइलों, क्रूज मिसाइलों और ड्रोन से एक बड़ा हमला किया है। तुर्की में आयोजित होने वाले महत्वपूर्ण नाटो शिखर सम्मेलन से ठीक पहले हुए इस हमले ने पूरे शहर को दहला दिया है। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को के अनुसार, हमले के कारण कई जिलों में आग लगने और मलबे गिरने की खबरें हैं, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

**पुतिन की रणनीतिक चेतावनी:** यह हमला राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की की उस चेतावनी के बाद हुआ है, जिसमें उन्होंने कहा था कि



खुफिया रिपोर्टों से संकेत मिले हैं कि रूस एक बड़े हमले की तैयारी कर रहा है। जेलेंस्की ने इसे पुतिन की पुरानी आदत करार देते हुए कहा कि रूस अंतरराष्ट्रीय आयोजनों और महत्वपूर्ण वैश्विक दिवसों के दौरान जानबूझकर हिंसा फैलाकर अपनी ताकत दिखाना चाहता है। यह पिछले हफ्ते हुए उस घातक हमले के बाद रूस की ओर से की गई एक और बड़ी आक्रामक कार्रवाई है, जिसमें 30 से अधिक लोग मारे गए थे।

**नाटो समिट और कूटनीतिक तनाव:** अंकारा में मंगलवार से शुरू होने वाले नाटो शिखर सम्मेलन में रूस-यूक्रेन युद्ध पर प्रमुखता से चर्चा होने की उम्मीद है, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी शामिल हो सकते हैं। हाल ही में पुतिन और ट्रंप के बीच हुई लंबी फोन वार्ता के बावजूद, जमीनी स्तर पर रूस के आक्रामक रुख में कोई कमी नहीं आई है। एक ओर रूस डोनेट्स्क में अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रहा है, तो दूसरी ओर यूक्रेन भी रूस के भीतर तेल रिफाइनरियों और सैन्य ठिकानों पर अपने हमले तेज कर चुका है।

## हॉर्मूज पर ईरान का बड़ा कब्जा, अब हर जहाज से वसूलेगा तगड़ा टैक्स, इन देशों को मिलेगा छूट

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नईदिल्ली।** वैश्विक ऊर्जा और व्यापार जगत से जुड़ी एक बेहद चौंकाने वाली खबर सामने आ रही है। ईरान अब दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण और रणनीतिक समुद्री तेल मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले सभी व्यावसायिक जहाजों और तेल टैंकरों पर एक नया 'सेवा शुल्क' लागू करने की तैयारी कर रहा है।

शनिवार को चीन में ईरान के राजदूत ने इस बड़े फैसले की घोषणा करते हुए यह भी साफ कर दिया है कि हाल ही में अमेरिका और इजरायल के साथ हुए भीषण संघर्ष के दौरान जिन



देशों ने तेहरान (ईरान) का खुला समर्थन किया था, उन्हें इस शुल्क में विशेष तरजीही व्यवहार और बड़ी छूट दी जाएगी।

**ओमान के साथ मिलकर ईरान बना रहा है नया समुद्री ढांचा:** चीन की राजधानी बीजिंग में आयोजित प्रतिष्ठित 'विश्व शांति मंच' को संबोधित करते हुए चीन में ईरान के राजदूत अब्दोलरेज़ा रहमानी फ़ाज़ली ने इस ऐतिहासिक नीतिगत बदलाव की पुष्टि की। राजदूत फ़ाज़ली ने बताया कि ईरान इस रणनीतिक जलमार्ग के माध्यम से गुजरने वाले अंतरराष्ट्रीय समुद्री यातायात के कुशल प्रबंधन के लिए अपने पड़ोसी देश ओमान के साथ मिलकर एक पूरी तरह से नया ढांचा (Framework) विकसित करने पर काम कर रहा है। ईरान का यह बड़ा बयान ऐसे समय में आया है जब संयुक्त राज्य अमेरिका (USA) ने इस जलमार्ग का उपयोग करने वाले जहाजों पर किसी भी तरह का शुल्क या टैक्स लगाने के ईरान के इस प्रस्ताव को पूरी तरह खारिज कर दिया है।

**60 दिनों की फ्री-सर्विस खत्म होने के बाद लागू होगा नया नियम:** आपको बता दें कि हाल ही में मध्य पूर्व में हुए अमेरिका और ईरान के बीच सैन्य संघर्ष की समाप्ति के बाद दोनों महाशक्तियों के बीच एक अंतरिम समझौता हुआ था। इस समझौते के तहत दोनों पक्ष वाणिज्यिक जहाजों को 60 दिनों के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य से बिना किसी शुल्क (मुफ्त) के गुजरने देने पर सहमत हुए थे। हालांकि, वैश्विक बाजार में अभी यह सस्पेंस बना हुआ है कि इस अस्थायी 60 दिनों की व्यवस्था की अवधि समाप्त होने के बाद वहां कौन सा पक्का नियम लागू होगा।

## प्रधानमंत्री मोदी और यूपी के मुख्मंत्री योगी जिम्मेदार हैं' राम मंदिर घोटाले पर मशहूर संत का बड़ा धमाका

**लोक तंत्र की आवाज़**

**सीतापुर।** अयोध्या स्थित राम मंदिर चंदा चोरी मामले ने पूरे देश में हलचल मचा दी है। इस मामले में लगातार सामने आ रहे खुलासों ने हर किसी को हैरान कर दिया है। ताजा जानकारी के अनुसार, ट्रस्ट के 8 अधिकारियों की गिरफ्तारी हुई है और उनके घरों से करोड़ों की संपत्ति बरामद की गई है, जिसने इस पूरे मामले को एक नया और गंभीर मोड़ दे दिया है।

**शंकराचार्य ने सीधे सरकार को घेरा:** इस चंदा चोरी मामले को लेकर अब संतों की नाराजगी खुलकर सामने आ रही है। ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य





स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने एक मीडिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए सीधा हमला बोला है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इस पूरी चंदा चोरी के लिए जिम्मेदार ठहराया है। शंकराचार्य ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'X' पर एक तीखी पोस्ट साझा की, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि धर्मस्थान का इस्तेमाल स्वार्थ के लिए किया गया है।

**साधु-संतों को सिर्फ नाम का हिस्सा बनाया गया?:** शंकराचार्य का दावा है कि राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में साधु-संतों को शामिल करना केवल एक दिखावा था। उनके अनुसार, वास्तविक शक्तियां और अधिकार ट्रस्ट के कुछ चुनिंदा 'विश्वस्तों' को ही दिए गए थे। उन्होंने ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंददेव गिरि के बयानों का जिक्र करते हुए कहा कि साधु-संतों के पास कोई वास्तविक अधिकार नहीं थे। यहां तक कि उन्हें बैंक खातों और चेक बुक पर हस्ताक्षर करने तक की अनुमति नहीं थी। उन्होंने कहा कि जब उन्हें पिछले महीने खातों की जानकारी मिली, तो वे हैरान रह गए।

## संक्षिप्त खबरें ।

### वारिसलीगंज : मुहर्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चौकीदारों को मिला प्रशस्ति पत्र



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):–** मुहर्रम पर्व के दौरान विधि–व्यवस्था बनाए रखने और सुरक्षा व्यवस्था को सफलतापूर्वक संभालने वाले वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के चौकीदारों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी ने कहा कि चौकीदार पुलिस और ग्रामीण समाज के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं, जिनकी सतर्कता और मेहनत से पर्व पूरी तरह शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।प्रशस्ति पत्र में उल्लेख किया गया है कि मुहर्रम पर्व के दौरान चौकीदारों की ड्यूटी बाजारों, संवेदनशील स्थानों तथा विभिन्न क्षेत्रों की निगरानी के लिए लगाई गई थी। उन्होंने दिन–रात पूरी निष्ठा, ईमानदारी और लगन के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। विशेष रूप से रात्रि में लगातार जागकर सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने में उनकी भूमिका सराहनीय रही।वारिसलीगंज थाना की ओर से कहा गया कि चौकीदारों की सक्रियता और जिम्मेदार कार्यशैली के कारण थाना क्षेत्र में विधि–व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस को महत्वपूर्ण सहयोग मिला। उनके इसी समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा को सम्मान देते हुए वारिसलीगंज थाना एवं नवादा पुलिस की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।पुलिस अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि यह सम्मान चौकीदारों का मनोबल बढ़ाएगा और भविष्य में भी वे इसी प्रतिबद्धता के साथ समाज की सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे।मौके पर कई चौकीदार मौजूद थे।

### अवैध बालू लदे ट्रैक्टर के साथ मजदूर गिरफ्तार

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):–**वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के मसनखामा गांव के पास शनिवार को गुप्त सूचना के आधार पर स्थानीय पुलिस और खनन विभाग की संयुक्त छापेमारी में एक बालू लदा ट्रैक्टर सहित अवैध रूप से बालू लोड कर रहे एक मजदूर को गिरफ्तार कर लिया,जबकि पुलिस बल को देखते ही ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर फरार होने में सफल रहा।गिरफ्तार मजदूर की पहचान थाना क्षेत्र के कैलाशपति नगर निवासी लोहंडी मांझी के रूप में की गयी है।थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी ने बताया कि इस मामले में खनन विभाग के खान निरीक्षक संतोष प्रसाद झा के लिखित आवेदन पर ट्रैक्टर चालक,मालिक और गिरफ्तार मजदूर के खिलाफ वारिसलीगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है।इन लोगों पर अवैध खनन करने और सरकारी राजस्व को भारी नुकसान पहुंचाने का आरोप है, जिसके तहत कुल 1 लाख 7 हजार 75 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।पुलिस ने गिरफ्तार मजदूर को रविवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है, वहीं फरार चालक और ट्रैक्टर मालिक की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### वारिसलीगंज मत्स्यजीवी सहयोग समिति को 74 तालाबों की कराती है बन्दोबस्ती

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):–**मत्स्य विभाग के अनुसार वारिसलीगंज में कुल 74 तालाब है,जिसमें बन्दोबस्ती के माध्यम से मत्स्यजीवी सहयोग समिति को मछली पालन के लिए अधिकृत किया गया है।जिससे प्रति वर्ष 8,17,100 (आठ लाख सतरह हजार एक सौ रुपये) राजस्व प्राप्त होता है।वारिसलीगंज प्रखण्ड मत्स्य जीवी सहयोग समिति के सचिव कुमार नागमणि कहते हैं कि कहने को तो मत्स्य विभाग के पास प्रखंड में कुल 74 तालाब है।परंतु मछली पालन के लायक सिर्फ 25–30 ही है,जिसमें सबसे ज्यादा मछली उत्पादन अपसढ़ का ऐतिहासिक शैरौदह अपसढ़ तालाब है।जल जीवन हरियाली योजना से उड़ाही बाद पानी मिल गया है।तब तालाब में सालो भर मछली पालन को लेकर पानी रहता है जबकि अन्य तालाब भीषण गर्मी में सुख जाते हैं।कुछ में अगर पानी होता भी है तो नाम मात्र का। इस बार भीषण गर्मी एवं वर्षो में बिलंब के कारण अभी तक तालाब सूखा है,जबकि मछली पालन के लिए जीरा डालने का समय आ चुका है।सरकारी रिकार्ड में वारिसलीगंज में 74 तालाब है,परंतु कहीं गाद भर चुके हैं तो कही अतिक्रमण का शिकार हो चुका है।शेष तालाब जिसमें मछली पालन के लायक पानी होता है उसमें जीरा डाला जाता है। लेकिन उचित बरसात नहीं होने की स्थिति में मछली पालन करना घाटे का सौदा साबित होता है। बता दें कि हाल के वर्षों में काफी गहमागहमी के बीच मत्स्य जीवी सहयोग समिति का अध्यक्ष, सचिव के अलावा 11 कार्यकारिणी समिति का चुनाव कराया गया। मत्स्य विभाग से पंजीकृत सभी तालाबो को अतिक्रमण मुक्त करवाकर उसकी उड़ाही बाद मेढ़ो पर पौधारोपण की आवश्यकता है। ताकि प्रखण्ड वासियो को मछली के साथ भूमिगत जलस्तर में सुधार तथा रमणीक पर्यावरण का लाभ मिल सके।

# बारिश से खिले किसानों के चेहरे, खेतों में शुरू हुई धान-मक्का-मडुआ की बुआई

**आधुनिक युग में भी परंपरा जिंदा, बैल और ट्रैक्टर दोनों से हो रही जुताई**

लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र में पिछले तीन-चार दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश ने किसानों के चेहरे पर रौनक लौटा दी है। लंबे समय से बारिश का इंतजार कर रहे किसानों के खेतों में अब नमी आ गई है, जिसके बाद वे पूरी रफ्तार से खेती में जुट गए हैं। प्रखंड भर में हर-बैल और ट्रैक्टर के सहारे खेतों की जुताई और धान, मक्का, मडुआ एवं अरहर की बुआई का काम तेजी से चल रहा है। बारिश के बाद खेतों में हल चलने की आवाज फिर से गूंजने लगी है। किसान अपने-अपने खेतों में सुबह से ही पहुंचकर फसल की तैयारी में लगे हैं। कहीं ट्रैक्टर से जुताई हो रही है तो कहीं आज भी किसान पारंपरिक तरीके से हर-बैल का सहारा ले रहे हैं।

इसका एक जीवंत उदाहरण रजौली प्रखंड के रामदासी गांव में देखने को मिला। यहां के निवासी राजेंद्र प्रसाद अपनी पत्नी के साथ खेत में हर-बैल से जुताई करते नजर आए। फोटो में राजेंद्र प्रसाद हाथ में हल लेकर बैलों को हांकते दिख रहे हैं, वहीं उनकी पत्नी बीज छिड़कने का काम कर रही हैं। किसान राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि बारिश होने के बाद मिट्टी जुताई के लिए एकदम तैयार हो गई है। उन्होंने कहा कि ₹बारिश से खेत में जान आ गई है। अब समय पर बुआई कर देंगे तो फसल भी अच्छी होगी। ट्रैक्टर तो है, लेकिन छोटे खेत और नमी वाली जमीन के लिए बैल से जुताई सबसे बेहतर होती है।₹ कृषि जानकारों का कहना है



कि समय पर हुई बारिश और खेतों में नमी के कारण इस बार धान, मक्का, मडुआ और अरहर की पैदावार अच्छी होने की उम्मीद है। किसान भी मौसम को देखते हुए बिना देरी किए बुआई में लगे हैं। प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने रौशन कुमार ने किसानों से अपील की है कि वे मौसम की अनुकूलता का लाभ उठाते हुए उन्नत बीज और संतुलित उर्वरक का प्रयोग करें। साथ ही समय-समय पर फसल की देखभाल करते रहें ताकि उत्पादन बेहतर हो सके। बारिश और खेती की रफ्तार को देखकर किसानों को उम्मीद है कि इस साल खरीफ की फसल से उन्हें अच्छी आमदनी होगी।

## पकरीबरावां में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई स्वर्गीय रामविलास पासवान की जयंती



लोकतंत्र की आवाज

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**

पकरीबरावां प्रखंड में स्थित लोक जनशक्ति पार्टी के संस्थापक स्वर्गीय रामविलास पासवान काअंबेडकर पुस्तकालय भवन में धूमधाम से जयंती मनाई गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने उनके जीवन और संघर्षों को याद करते हुए उन्हें देश का एक महान राजनेता बताया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वर्गीय पासवान के तैलचित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने एक स्वर में कहा कि रामविलास पासवान का संपूर्ण जीवन गरीबों, शोषितों और दलितों के उत्थान के लिए समर्पित रहा। वक्ताओं ने उनके द्वारा केंद्रीय मंत्री रहते हुए रेल, दूरसंचार और खाद्य आपूर्ति मंत्रालयों में किए गए ऐतिहासिक कार्यों की चर्चा की और उन्हें 'विकास पुरुष' के रूप में याद किया। जयंती समारोह में लोक जनशक्ति पार्टी के प्रखंड स्तरीय नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लोजपा के प्रखंड अध्यक्ष उत्तम पासवान युवा प्रखंड अध्यक्ष मंटू सिंह, और पासवान समाज के अध्यक्ष राकेश पासवान उपस्थित थे। इनके अतिरिक्त भरत पासवान, आशो पासवान, विजय यादव, साधु पासवान, सागर पासवान, ब्रजेश पासवान, गोपाल कुमार सिंह, शिवालक पासवान, कृष्ण पासवान, अम्बेडकर पासवान (उर्फ पिन्टू) और मनोज पासवान सहित दर्जनों की संख्या में स्थानीय निवासी और पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता मौजूद रहे। मंच का संचालन कर रहे वक्ताओं ने कहा कि रामविलास पासवान ने न केवल राजनीति में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई, बल्कि उन्होंने हाशिए पर खड़े लोगों को मुख्यधारा में लाने का भी कठिन परिश्रम किया। उन्होंने हमेशा सामाजिक समरसता और समानता के लिए संघर्ष किया। आज के दौर में उनके बताए रास्ते पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने उनके आदर्शों को अपनाने और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की सेवा करने का संकल्प लिया। जयंती समारोह को लेकर ब्लॉक परिसर का माहौल उनके समर्थकों के नारों और उत्साह से गुंजायमान रहा। अंत में, मिठाइयां वितरित कर उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया गया और कार्यक्रम का समापन हुआ।

## नदी के बालू में दबा मिला विवाहिता का शव, जांच में जुटी फोरेंसिक टीम

लोकतंत्र की आवाज

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**

**सिरदला (नवादा)**।सिरदला थाना क्षेत्र के राजन पंचायत स्थित धनारजय नदी से पुलिस ने बालू में दबा एक विवाहिता का शव बरामद किया है। शव मिलने की सूचना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए सिरदला थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गुलशन कुमार तथा नवादा से पहुंची फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। मृतका की पहचान अकबरपुर थाना क्षेत्र के पोस्ट पहाड़पुर अंतर्गत धोबघटी गांव निवासी शंकर कुमार की 35 वर्षीय पत्नी प्रमिला देवी के रूप में हुई है। बताया गया कि प्रमिला देवी का आठ वर्षीय एक पुत्र भी है। जानकारी के अनुसार, मृतका के पिता औरंगाबाद जिले के पोचू थाना क्षेत्र के करमा पांडे गांव निवासी उमेश बिन्द ने 5 जुलाई 2026 को अपनी पुत्री की हत्या कर शव छिपा देने का आरोप लगाते हुए उसके ससुराल पक्ष के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसी मामले की जांच के दौरान पुलिस ने धनारजय नदी के बालू में दबा शव बरामद किया। थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए हैं। पुलिस दर्ज प्राथमिकी के आधार पर सभी पहलुओं की गहन जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फोरेंसिक जांच के आधार पर आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## वारिसलीगंज : पीएमश्री योजना के तहत मध्य विद्यालय चकवाय का इंटर विद्यालय चकवाय में हुआ संविलियन

लोकतंत्र की आवाज




**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):**-केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी पीएमश्री योजना के तहत जिले में चयनित 21 विद्यालयों के साथ आसपास के चयनित मध्य विद्यालयों का संविलयन किया जाना है। इसी कड़ी में वारिसलीगंज प्रखंड के इंटर विद्यालय चकवाय का भी चयन पीएमश्री विद्यालय के रूप में किया गया है। प्राप्त आदेश के अनुसार मध्य विद्यालय चकवाय के वर्ग 6 से 8 तक के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का संविलयन इंटर विद्यालय चकवाय में किया जाना था।इसके तहत शनिवार को विधिवत प्रक्रिया पूरी करते हुए मध्य विद्यालय चकवाय के छठी,सातवीं एवं आठवीं कक्षा के सभी विद्यार्थियों के साथ तीन शिक्षकों का संविलयन किया गया। इस अवसर पर इंटर विद्यालय चकवाय के प्रभारी प्राचार्य संजय कुमार ने बताया कि यह प्रक्रिया मध्य विद्यालय चकवाय के प्रधानाध्यापक की मौजूदगी में विधिवत संपन्न कराई गई। उन्होंने कहा कि पीएमश्री योजना का उद्देश्य सरकारी विद्यालयों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कर उन्हें मॉडल स्कूल के रूप में विकसित करना है। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर लैब, साइंस लैब, आधुनिक पुस्तकालय, खेल सामग्री एवं बेहतर शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे,ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण और तकनीक आधारित शिक्षा मिल सके। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को भी आधुनिक शिक्षा व्यवस्था का लाभ मिलेगा और सरकारी विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में व्यापक सुधार आएगा। शिक्षकों एवं अभिभावकों ने इस पहल को शिक्षा व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों को बेहतर माहौल और आधुनिक संसाधनों के बीच पढ़ाई करने का अवसर प्राप्त होगा। मौके पर शिक्षक पप्पू कुमार गणित,दीपमाला... सोशल साइंस समेत 274 विद्यार्थी उपस्थित थे।

## रजौली : प्रखंड क्षेत्र के किसानों के बीच अनुदानित दर पर धान, मक्का, अरहर और मडुआ के बीज का वितरण शुरू

लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के किसानों को खरीफ सीजन के लिए राहत देने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा अनुदानित दर पर बीज वितरण की शुरुआत कर दी गई है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी रौशन कुमार ने बताया कि खरीफ (शारदीय) 2026-27 के लिए शंकर धान, शंकर मक्का, अरहर और मडूआ का बीज अनुदानित दर पर उपलब्ध कराया जा रहा है। बीज वितरण ₹पहले आओ-पहले पाओ₹ के आधार पर किया जा रहा है। इसके लिए इच्छुक किसानों को अपने साथ किसान रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र और जमीन का रसीद लेकर कृषि कार्यालय या निर्धारित वितरण केंद्र पर पहुंचना होगा। पदाधिकारी ने सभी किसानों



से अपील की है कि वे समय पर आकर बीज प्राप्त करें ताकि बुवाई में देरी न हो। रौशन कुमार ने कहा कि सरकार का उद्देश्य किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज कम दर पर उपलब्ध कराकर उत्पादन बढ़ाना है। शंकर धान और शंकर मक्का के उन्नत बीजों से पैदावार में बढ़ोतरी होगी, वहीं अरहर और मडुआ जैसी फसलों से पोषण सुरक्षा और आय में वृद्धि संभव होगी। उन्होंने किसानों से मिट्टी जांच कराने की भी विशेष अपील की। कहा कि खेत की मिट्टी की जांच कराकर मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार ही उर्वरक का प्रयोग करें। इससे न सिर्फ लागत कम होगी बल्कि मिट्टी की उर्वरता भी बनी रहेगी। मिट्टी जांच के लिए किसान अपने पंचायत के किसान सलाहकार या कृषि समन्वयक से संपर्क कर मिट्टी का नमूना जमा करा सकते हैं। कृषि पदाधिकारी ने बताया कि बीज के साथ-साथ किसानों को फसल की वैज्ञानिक खेती, संतुलित उर्वरक प्रयोग और कीट-रोग प्रबंधन की जानकारी भी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि विभाग का लक्ष्य है कि हर किसान को समय पर सही बीज और सही जानकारी मिले। किसानों ने बीज वितरण की पहल की सराहना की। किसानों का कहना है कि अनुदानित दर पर बीज मिलने से उनकी खेती की लागत कम होगी और उपज बेहतर होगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बीज की उपलब्धता सीमित है, इसलिए पात्र किसान जल्द से जल्द आवश्यक कागजात के साथ संपर्क करें।

## नवादा : सैकड़ों महादलित परिवार ने जिलाधिकारी को आवेदन देकर दूसरे स्थान पर बसाने की मांग की

लोकतंत्र की आवाज

**नवादा** । नवादा सदर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नारदीगंज प्रखंड स्थित कोशला डीह के सैकड़ों भूमिहीन महादलित परिवार ने सोमवार को नवादा समाहरणालय द्वार का घेराव किया और जिलाधिकारी से आवासीय समस्या के समाधान हेतु आवेदन प्रस्तुत किया । प्रेषित आवेदन के अनुसार कोशला डीह में कई पीढ़ियों से बसे सैकड़ों महादलित परिवार को दबंग लोगों के द्वारा उजाड़ने की कोशिश की जा रही है । इनलोगों ने आवेदन के जरिये मांग की है कि हमलोगों को दूसरे स्थान पर जमीन उपलब्ध करवाकर बसाया जाय । इन महिलाओं ने बताया कि जिस जमीन पर कई पीढ़ियों से हमलोग रह रहे हैं अब उस जमीन को रैती जमीन बताकर



उजाड़ने का प्रयास किया जा रहा है । लंबे समय से कुछ दबंग लोगों के द्वारा विभिन्न प्रकार से प्रताड़ित किया जा रहा है । खास कर गुलामो की तरह काम करवाना और महिलाओं को शौच जाने से मनाही करना , चोरी का झूठा आरोप लगाकर बच्चों को जेल भेज देना इनलोगों कि आदत बन गई है । इनलोगों ने आरोप लगाया है कि खुद को भूस्वामी बताते हुए कुछ लोगों के द्वारा लगातार जुल्म किया जा रहा है जिससे सैकड़ों दलित परिवार खुद को बेसहारा समझने लगे हैं । इस संबंध में सदर विधायक विभा देवी के आवास एवं उनके कार्यालय में भी गुहार लगा कर न्याय की मांग की गई । विधायक ने मामले का संज्ञान लेते हुए जिला पदाधिकारी , अनुमंडल पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी को आवेदन देकर विधिसम्मत कार्रवाई का निर्देश दिया है । प्रत्येक परिवार की ओर से भी व्यक्तिगत रूप से आवेदन दिया गया जिसमें मांग की गई है के हमलोगो को जमीन देकर अन्यत्र कही स्थाई रूप से बसाया जाय ताकि शांति पूर्वक गुजर बसर कर सकें और सरकारी आवास योजना समेत अन्य योजनाओं का लाभ भी उठा सके । इनलोगों ने यह भी बताया कि आठ दिन पूर्व आम लूटने के मसले पर आपस में झगड़ा झंझट हुआ था जिसमें प्राथमिकी दर्ज कर कुछ गिरफ्तारी भी हुई थी । विधायक समेत कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं की पहल पर मामला शांत करने की कोशिश की गई परन्तु मामला अभी भी ज्यूँ का त्यों बना हुआ है ।

## दाउदनगर : आरएन ठाकुर के संघर्षपूर्ण जीवन से नई पीढ़ी को सीख लेने की जरूरत : सांसद राजाराम सिंह

लोकतंत्र की आवाज

**अभिमन्यु कुमार प्रखंड संवाददाता दाऊदनगर**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)** अनुमंडल अंतर्गत 06 जुलाई। भाकपा (माले) के केंद्रीय कमेटी सदस्य एवं के राज्य महासचिव रहे दिवंगत कॉमरेड रामनारायण ठाकुर (आरएन ठाकुर) की पुण्यतिथि सोमवार को दाउदनगर के भखरूआं स्थित माले कार्यालय में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाकपा (माले) प्रखंड सचिव सह राज्य कमेटी सदस्य चंद्रमा पासवान तथा नगर सचिव सह जिला अध्यक्ष, निर्माण मजदूर यूनियन ने संयुक्त रूप से की। कार्यक्रम की शुरुआत दिवंगत नेता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने एवं एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। इस अवसर पर काराकाट सांसद ने आरएन ठाकुर के तैलचित्र पर माल्यार्पण किया। सांसद राजाराम सिंह ने कहा कि कॉमरेड आरएन ठाकुर भाकपा (माले) की पहली पीढ़ी के अग्रणी नेताओं में थे और उन्होंने बिहार के मजदूर आंदोलन को नई दिशा दी। उन्होंने बताया कि 5 जुलाई को पटना के पीएमसीएच में ब्रेन स्ट्रोक के कारण 92 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया। उनके निधन से न केवल भाकपा (माले) और एआईसीसीटीयू, बल्कि पूरे श्रमिक एवं वाम जनवादी आंदोलन को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने कहा कि कॉमरेड आरएन ठाकुर का जन्म 14 अगस्त 1943 को रोहतास



जिले के दिनारा प्रखंड अंतर्गत बीसी बसावां गांव में हुआ था। पार्टी के शुरुआती दौर में उन्होंने औरंगाबाद जिले के दाउदनगर क्षेत्र को अपना कार्यक्षेत्र बनाया और गांव-गांव जाकर गरीबों के बीच रहकर संगठन को मजबूत किया। सांसद ने कहा कि उनका संघर्षपूर्ण जीवन नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत है और उनके आदर्श हमेशा मार्गदर्शन करते रहेंगे। श्रद्धांजलि सभा में सांसद प्रतिनिधि पिंटू सिंह, प्रखंड सांसद प्रतिनिधि राजकुमार भगत, जिला कमेटी सदस्य नरेन्द्र कुमार, सत्येन्द्र नारायण सिंह, नगर कमेटी सदस्य महेन्द्र राम, नंदलाल तांती, सुरेन्द्र सिंह, फकीरचन यादव, रामरूप राम, जयनंदन राम, राजेश मेहता, रामप्रवेश मेहता, गणेश कुमार, रामशकल मेहता, बैद्यनाथ सिंह, अवध बिहारी सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## समारोह पुर्वक मनाई गयी पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान की 80वीं जयंती

लोकतंत्र की आवाज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):**-वारिसलीगंज प्रखंड स्थित जिला परिषद डाकबंगला परिसर में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रामविलास पासवान की 80वीं जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता लोजपा (आर) के प्रखण्ड अध्यक्ष श्रवण पासवान ने की।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं,सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य लोगों ने भाग लेकर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को नमन किया।इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि रामविलास पासवान आजीवन गरीबों,



दलितों, पिछड़ों एवं वंचित वर्गों के अधिकारों की आवाज बने रहे। उन्होंने सामाजिक न्याय, समान अवसर और समावेशी विकास की राजनीति को नई दिशा देने का कार्य किया। केंद्र सरकार में विभिन्न मंत्रालयों का सफलतापूर्वक नेतृत्व करते हुए उन्होंने जनहित से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए, जिसका लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक पहुंचा। वक्ताओं ने कहा कि रामविलास पासवान का राजनीतिक जीवन संघर्ष, सादगी और जनसेवा का प्रतीक था। वे दलगत सीमाओं से ऊपर उठकर सर्वमान्य नेता के रूप में अपनी पहचान रखते थे। उनके आदर्श और विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उपस्थित लोगों ने उनके बताए मार्ग पर चलने तथा समाज के कमजोर वर्गों की सेवा के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन उनके सम्मान में दो मिनट का मौन रखकर तथा उनके आदर्शों को आत्मसात करने के संकल्प के साथ किया गया।

## संक्षिप्त खबरें ।

### भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा का द्वितीय स्थापना दिवस देवबंद में धूमधाम के साथ मनाया गया



लोक तंत्र की आवाज
असद सिद्दीकी

देवबंद। मलखान सिंह चौक स्थित जिला कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में कार्यकारिणी जिला अध्यक्ष जयेंद्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में जिला, तहसील, ब्लॉक, नगर एवं ग्राम स्तर के पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत में जयेंद्र कुमार शर्मा ने सभी पदाधिकारियों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए संगठन को गली, मोहल्ले, गांव, तहसील एवं जिला स्तर तक और अधिक मजबूत करने का संकल्प दिलाया। इसके पश्चात केक काटकर स्थापना दिवस मनाया गया तथा संगठन विस्तार भी किया गया। इस अवसर पर डॉ राजेश्वर सैनी को जिला सलाहकार पद का नियुक्ति पत्र प्रदान कर संगठन की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम में यह संकल्प लिया गया कि संगठन को पूरे जिले में लगातार मजबूत किया जाएगा तथा ग्राम स्तर से लेकर जिला स्तर तक प्रतिदिन नए पदाधिकारियों की नियुक्ति कर सदस्यता अभियान को तेज गति से चलाया जाएगा।

### बिजनौर कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत पुलिस अधिकारियों की समन्वय बैठक आयोजित



लोकतंत्र की आवाज
रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह

बिजनौर। जनपद हरिद्वार के थाना श्यामपुर क्षेत्र में आगामी कांवड़ ए यात्रा-2026 को सुचारु रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से जनपद बिजनौर एवं जनपद हरिद्वार पुलिस न अधिकारियों की संयुक्त समन्वय न बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सुश्री निशा यादव पुलिस अधीक्षक यातायात हरिद्वार एवं में गौतम राय पुलिस अधीक्षक यातायात ने बिजनौर द्वारा की गई। बैठक में कांवड़ यात्रा के दौरान दोनों जनपदों न के मध्य समन्वय स्थापित करते हुए पं यातायात व्यवस्था, रूट डायवर्जन, न भारी वाहनों के संचालन, कांवड़ियों ह की सुरक्षा, आपातकालीन वं परिस्थितियों में त्वरित सूचना वे आदान-प्रदान, सीमा क्षेत्रों में प्रभावी र पुलिसिंग तथा कानून. व्यवस्था बनाए 1 रखने संबंधी विभिन्न बिंदुओं पर ह विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही दोनों जनपदों के अधिकारियों के मध्य बेहतर समन्वय एवं सतत संवाद बनाए रखने पर विशेष बल दिया गया। बैठक में जनपद बिजनौर की ओर से क्षेत्राधिकारी यातायात, नजीबाबाद, थाना प्रभारी नजीबाबाद, थाना प्रभारी मंडावली एवं ट्रैफिक प्रभारी बिजनौर तथा जनपद हरिद्वार की ओर से क्षेत्राधिकारी सिटी हरिद्वार, क्षेत्राधिकारी यातायात हरिद्वार, थाना प्रभारी श्यामपुर एवं ट्रैफिक प्रभारी हरिद्वार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इसके उपरांत दोनों जनपदों के अधिकारियों ने आगामी कांवड़ यात्रा के दौरान आपसी समन्वय एवं सहयोग के साथ श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम आवागमन तथा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित यात्रा सुनिश्चित करने का संकल्प व्यक्त किया।

### बिजनौर मृदुल कुमार बने अफजलगढ़ के कोतवाल जनता का विश्वास जीतना प्राथमिकता

लोकतंत्र की आवाज
रिपोर्ट पायल कुमारी



अफजलगढ़। शासन के निर्देश पर अफजलगढ़ कोतवाली में फेरबदल करते हुए निरीक्षक मृदुल कुमार को नया प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया गया है। वहीं वर्तमान एसओ बिजेंद्र सिंह राठी का स्थानांतरण कर दिया गया है। रविवार को कोतवाली परिसर में प्रेस वार्ता के दौरान नवागत प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों को भरोसा दिलाया कि पुलिस आमजन की सुरक्षा और समस्याओं के समाधान के लिए हर समय तत्पर रहेगी। मृदुल कुमार ने बताया कि जनपद बिजनौर में उन्हें करीब तीन वर्ष का सेवाकाल हो चुका है। इस दौरान वह मंडावर, बढ़ापुर और धामपुर थानों में प्रभारी निरीक्षक के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। अब पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा द्वारा उन्हें अफजलगढ़ कोतवाली का प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय से ही अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है। क्षेत्रवासियों से पुलिस का सहयोग करने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी आपराधिक गतिविधि या संदिग्ध की सूचना तत्काल पुलिस को दें। पुलिस प्रत्येक सूचना पर गंभीरता से कार्रवाई करेगी। कार्य भार ग्रहण करने के बाद थाना प्रभारी ने क्षेत्र के पत्रकारों के साथ बैठक भी की। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने में मीडिया की भूमिका अहम है। बैठक में वरिष्ठ पत्रकार विनय भार्गव, सुनील कुमार, अजमल हसन, शुजाउद्दीन अंसारी, शेख मोहम्मद यूसुफ, संगम चौहान, अनीश अहमद, शोएब् कुरैशी, सुनील दशमाना, अर्जुन चौहान, इशरत अली समेत अन्य पत्रकार मौजूद रहे।

# निमोष मंदिर एवं सूर्य कुंड पर कब्जे का आरोप, महंत परंपरा व आस्था के सम्मान की उठी मांग

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ शिवम गुप्ता**

**हरदोई।** कोतवाली बेनीगंज क्षेत्र अंतर्गत संतों द्वारा मंदिर पर अवैध कब्जा को लेकर एक मामला प्रकाश में आया है कि आस्था, श्रद्धा और सनातन परंपरा के प्रतीक माने जाने वाले नैमिषारण्य चौरासी कोसी परिक्रमा मेला क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले प्रसिद्ध निमोष बाबा मंदिर सूर्यकुंड को लेकर एक गंभीर विवाद सामने आया है। कोतवाली क्षेत्र बेनीगंज के हांस बरौली बाजार स्थित घनश्याम नगर ब्रह्मदेव आश्रम निवासी महंत सुरेश दास की चेला द्वारा कोतवाली बेनीगंज में लिखित शिकायत देकर मंदिर पर अवैध कब्जे और जान से मारने की धमकी दिए जाने का आरोप लगाया गया है।

इस प्रकरण ने क्षेत्र के संत समाज और श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश पैदा कर दिया है।शिकायत के अनुसार, कोतवाली क्षेत्र के गिरधरपुर गांव स्थित प्राचीन निमोष बाबा मंदिर सूर्यकुंड, जो नैमिषारण्य चौरासी कोसी परिक्रमा मेला के चौथे पड़ाव के अंतर्गत आता है, वर्षों से संत परंपरा और धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र रहा है। बताया गया कि मंदिर के संरक्षक रहे महंत रामस्वरूप दास उर्फ निमिया बाबा के शिष्य एवं अखिल भारतीय महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 मदन मोहन दास जी महाराज, निवास प्रमोद वन अयोध्या, लंबे समय तक मंदिर का संचालन और देखरेख करते रहे।शिकायतकर्ता के मुताबिक, महंत मदन मोहन दास जी महाराज ने अपनी स्वेच्छा से मंदिर की नियमित पूजा-अर्चना, देखरेख और धार्मिक व्यवस्था की जिम्मेदारी अब उन्हें सौंप दी है। लेकिन आरोप है कि गिरधरपुर गांव निवासी दिनेश पुत्र आसाराम स्वयं को पुजारी बताकर जबरन मंदिर परिसर पर अवैध कब्जा जमाए हुए हैं और मंदिर की परंपरागत व्यवस्था में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं।शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि जब उनसे मंदिर खाली करने और संत परंपरा के अनुसार व्यवस्था सौंपने की बात कही गई, तब विपक्षी बाबा दिनेश दास गाली-गलौज, अभद्रता और धमकी पर उतारू हो गए।

इतना ही नहीं, अपनी दबंगई दिखाते हुए लड़ाई-झगड़े और जान से मारने की धमकी तक दी गई। महंत मोहिनी दास ने भी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि वह निमोष आश्रम मंदिर में रहकर भगवान की स्थापित मूर्तियों की विधिवत पूजा-अर्चना और सेवा करना चाहती हैं, किंतु विपक्षी द्वारा उन्हें ऐसा करने से रोका जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि लगातार भय और दबाव का माहौल बनाया जा रहा है तथा जान से मारने की धमकी दी जा रही है।धार्मिक आस्था से जुड़े इस प्रकरण ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं को भी भावुक कर दिया है।

लोगों का कहना है कि जहां एक ओर संत-महात्मा सनातन धर्म की परंपराओं को जीवित रखने में अपना जीवन समर्पित कर देते हैं, वहीं दूसरी ओर धार्मिक स्थलों पर कब्जे और विवाद जैसी घटनाएं समाज की आस्था को आहत करती हैं। श्रद्धालुओं ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर मंदिर की गरिमा और संत परंपरा की रक्षा सुनिश्चित की जाए। फिलहाल कोतवाली बेनीगंज पुलिस ने शिकायत प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## मानकों से कम मात्रा में राशन वितरण करने पर डीलरों को दिए सख्त निर्देश

लोकतंत्र की आवाज



■ शासन की मंशानुरूप राशन वितरण करें कोटेदार-धर्मेन्द्र पूर्ति निरीक्षक

**रिपोर्ट मुकेश सिंह**

**नजीबाबाद (बिजनौर)।** राशन लेते समय कार्ड धारक कोटेदार से अपनी पात्रता के अनुसार पूरा वजन जांचकर ही अनाज लें। यदि वितरण के दौरान कोई डीलर कम राशन देता है या तय तारीखों में आना कानी करता है, तो सरकार के आधिकारिक टोल-फ्री नम्बर पे तत्काल शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। 6 जुलाई से समस्त सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता अपनी अपनी दुकानों पर मुफ्त राशन वितरित करेंगे जो 20 जुलाई तक निरंतर जारी रहेगा। यह कहना है पुर्ति निरीक्षक धर्मेन्द्र वर्मा का। दैनिक मुरादाबाद उजाला से बातचीत में धर्मेन्द्र वर्मा ने बताया कि शासन की मंशा है कि प्रत्येक लाभार्थी तक समय पर और निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न पहुंचें।

उन्होंने कहा कि यही मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है कि कोई लाभार्थी राशन से वंचित ना रहने पाये। उन्होंने कहा कि सभी उचित दर विक्रेताओं (राशन डीलरों) को पारदर्शिता के साथ राशन वितरण के निर्देश दिये गये हैं। यदि कहीं भी राशन वितरण में अनियमितता, काला-बाजारी अथवा किसी प्रकार की शिकायत मिलती है तो उसकी निष्पक्ष जांच कराई जायेगी। यदि कोई दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। मैं ईमानदार हूं, ईमानदारी को पसंद करता हूं, पारदर्शिता मेरे कार्य की पहचान है। उन्होंने बताया कि इस बार अंत्योदय कार्ड धारकों को विशेष राहत देते हुये प्रति कार्ड 35 किलो राशन के साथ-साथ तीन महीने की चीनी भी दी जायेगी। वहीं पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को प्रति यूनिट 5 किलो राशन मिलेगा। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एन एफ एस ए) और प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पी एम जी के ए वाई) के तहत इस अभियान को तहसील की सभी सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेताओं की दुकानों पर संचालित किया जायेगा। धर्मेंद्र वर्मा ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना विभाग की जिम्मेदारी है। कहीं राशन वितरण में कोई समस्या आ रही है तो वह उसकी जानकारी तत्काल विभाग को दें, ताकि समाधान कराया जा सके।

## हरदोईः लापता बेटी की तलाश में दर-दर भटक रहा पिता

लोकतंत्र की आवाज

■ पुलिस पर शिकायत बदलने व कार्रवाई न करने का आरोप

**ललित गुप्ता**

**बघौली/हरदोई।** थाना बघौली क्षेत्र के रघुनाथ पुरवा,मजरा बन्नापुर निवासी अशोक कुमार ने स्थानीय पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। अशोक कुमार का कहना है कि उनकी 19 वर्षीय पुत्री दिव्या भारगौ 30 जून 2026 को सुबह करीब 8:30 बजे बघौली चौराहे स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्कूल में संचालित कोचिंग सेंटर पढ़ने गई थी, लेकिन इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटी।परिजनों के अनुसार काफी खोजबीन और रिश्तेदारों में तलाश करने के बाद भी युवती का कोई पता नहीं चल सका।

पीड़ित पिता ने आरोप लगाया है कि उनके गांव के ही कुछ लोगों ने उनकी पुत्री को जबरन अपने साथ ले जाने की आशंका जताई थी और उन्होंने सभी नाम लिखित शिकायत में दिए थे।अशोक कुमार का आरोप है कि 1 जुलाई 2026 को थाना बघौली में शिकायत देने के बावजूद स्थानीय पुलिस ने उनकी पूरी बात दर्ज नहीं की। उनका कहना है कि शिकायत में बताए गए सभी लोगों के नाम शामिल करने के बजाय केवल एक व्यक्ति का नाम दर्ज कराया गया।पीड़ित का यह भी आरोप है कि वह अधिक पढ़े-लिखे नहीं हैं, जिसका फायदा उठाकर उनसे थाने में जबरन बदली हुई शिकायत पर हस्ताक्षर करवा लिए गए।पीड़ित ने थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी पर मामले में लापरवाही बरतने का भी आरोप लगाया है।उनका कहना है कि कई दिनों से उन्हें केवल आश्वासन दिया जा रहा है, लेकिन आज तक उनकी पुत्री की बरामदगी के लिए कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।पीड़ित ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने, शिकायत में कथित गड़बड़ी की जांच, दोषी पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई तथा उनकी पुत्री की शीघ्र सकुशल बरामदगी की मांग करते हुए पुलिस अधीक्षक हरदोई को प्रार्थना पत्र सौंपा है।

## बिजनौर प्रसव के दौरान जच्चा की मौत, बच्चा सुरक्षित

### परिजनों और ग्रामीणों ने लगाया डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप

लोकतंत्र की आवाज



**रिपोर्ट मुकेश सिंह**

**किरतपुर।** आज सुबह लगभग 7:00 बजे नेशनल हाईवे पर स्थित एक हॉस्पिटल में प्रसव के दौरान एक जच्चा की मौत हो गई जच्चा की मौत के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए काफी हंगामा किया सूचना पर तुरंत पुलिस मौके पर पहुंची और हंगामा कर रहे ग्रामीणों और परिजनों को समझाया।

जानकारी के अनुसार निकटवर्ती गांव छितावर की रहने वाली सोनी (35 वर्ष) पत्नी देवेंद्र सिंह जो की मजदूरी का कार्य करके अपने परिवार का पालन पोषण करता है इसके पहले भी तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं महिला की पति ने बताया कि उसकी पत्नी सोनी गर्भवती थी कल दिन रविवार होने के कारण चिकित्सकों की अवकाश में रहने के कारण उनके गांव में तैनात आशा नीता द्वारा जो की सरकारी अस्पताल में भी कार्यरत है किरतपुर लाइफलाइन हॉस्पिटल में ले जाने के लिए कहा गया जहां पर गर्भवती महिला को डिलीवरी के लिए भर्ती कर लिया गया जहां पर चिकित्सकों द्वारा उसके परिजनों से ऑपरेशन द्वारा डिलीवरी करने के लिए कहा गया और कहा गया कि ऑपरेशन से ही जच्चा और बच्चा दोनों सुरक्षित रह सकते हैं जिसमें चिकित्सकों द्वारा ऑपरेशन की फीस 20000 बताई गई ऑपरेशन द्वारा डिलीवरी कर दी गई इसी दौरान जच्चा का ब्लड प्रेशर लो होने लगा और कंट्रोल से बाहर होने लगा जिस पर स्थिति को देखते हुए चिकित्सा द्वारा जच्चा को बिजनौर सिटी हॉस्पिटल के लिए रवाना कर दिया गया।

परिजनों ने आरोप लगाया कि जच्चा की मौत अस्पताल में ही हो गई थी जबकि न्यू लाइफ लाइन हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉक्टर गौरव कुमार ने बताया कि ब्लड प्रेशर लो होने के कारण स्थिति को देखते हुए उनको बिजनौर के लिए रवाना कर दिया गया था।

वहीं दूसरी ओर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कौशलेंद्र सिंह का कहना है कि मामले की जानकारी होते ही उनके द्वारा डॉक्टर केपी सिंह के नेतृत्व में एक टीम जांच के लिए भेज दी गई है जांच के बाद ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

नगर में पिछले काफी समय से काफी संख्या में अवैध डॉक्टर और अस्पतालों की भरमार दिन पर दिन बढ़ती जा रही है जिनके पास ना तो कोई डिग्री है और ना ही अस्पताल में कोई मानक पूरा है यहां तक की बिजली भागने पर कई अस्पतालों में जनरेटर की सुविधा भी उपलब्ध नहीं है समाचार लिखे जाने तक दोनों पक्षों में समझौता वार्ता चल रही थी। मामले में आरोपी चिकित्सक का पक्ष जानने के लिए संपर्क किया गया मगर संपर्क न हो सका।

## कब्जे का आरोप, लेखपाल पर कार्रवाई में लापरवाही का आरोप, पीड़ित ने सीएम पोर्टल पर लगाई गुहार

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ शिवम गुप्ता**

**हरदोई।** तहसील संडीला के विकासखंड कछौना अंतर्गत ग्राम सभा महरी में तालाब की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे के मामले में अब राजस्व विभाग की कार्यशैली भी सवालों के घेरे में आ गई है। पीड़ित श्रीराम पुत्र स्वर्गीय छविनाथ ने आरोप लगाया है कि गांव के इस्माइल पुत्र इमामबक्स द्वारा तालाब की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा किया गया है, लेकिन शिकायतों के बावजूद न तो पुलिस और न ही संबंधित लेखपाल ने कोई प्रभावी कार्रवाई की।

पीड़ित के अनुसार, उन्होंने 7 जून 2026 को थाना बघौली में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की थी। इसके बाद मामला जांच के लिए संबंधित चौकी और राजस्व विभाग को भेजा गया, लेकिन एक माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी कब्जा नहीं हटाया गया। आरोप है कि ऑनलाइन शिकायत और मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर आवेदन देने के बावजूद संबंधित लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की।पीड़ित का कहना है कि वह लगातार अधिकारियों के चक्कर काट रहा है, लेकिन उसकी शिकायत केवल कागजों तक सीमित रह गई है। अब उसने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर दोबारा शिकायत दर्ज कर तालाब की सरकारी भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराने तथा मामले में लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार अधिकारियों और लेखपाल के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।हालांकि, इस मामले में संबंधित लेखपाल एवं आरोपित पक्ष का पक्ष सामने नहीं आ सका है। आरोपों की पुष्टि प्रशासनिक जांच के बाद ही हो सकेगी।

## देवबंद संपूर्ण समाधान दिवस में 46 शिकायतें दर्ज चार का मौके पर निस्तारण शेष के शीघ्र समाधान के निर्देश

लोकतंत्र की आवाज



**असद सिद्दीकी**

**देवबंद।** जुलाई के प्रथम सप्ताह में देवबंद हाईवे स्थित ब्लॉक सभागार में उपजिलाधिकारी (एसडीएम) के नेतृत्व में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से संबंधित जनसमस्याओं की सुनवाई कर उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण पर विशेष जोर दिया गया।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान आमजन ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुल 46 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें तहसील, थाना, पूर्ति विभाग, चकबंदी सहित अन्य विभागों से संबंधित मामले शामिल रहे। अधिकारियों ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कार्यक्रम के दौरान चार शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर संबंधित फरियादियों को तत्काल राहत प्रदान की गई। वहीं शेष शिकायतों को जांच के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को भेजते हुए एसडीएम ने निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का निर्धारित समय सीमा के भीतर निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस अवसर पर तहसीलदार, नायब तहसीलदार, पूर्ति विभाग से रूपाली सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। संपूर्ण समाधान दिवस के सफल संचालन में बाबू नजाकत अली का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

## देवबंदः सरकारी ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कॉलोनी बसाने का आरोप, संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत

लोक तंत्र की आवाज



**असद सिद्दीकी**

**देवबंद।** देवबंद तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान ग्राम सभा देवबंद देहात के तीन ग्रामीणों ने सरकारी ग्राम समाज की भूमि पर कथित अवैध कब्जा एवं कॉलोनी विकसित किए जाने का आरोप लगाते हुए प्रशासन को शिकायती प्रार्थना पत्र सौंपा।

प्रार्थना पत्र देने वालों में साजिद पुत्र सईद, उस्मान पुत्र हनीफ तथा जाहिद पुत्र सईद, निवासी ग्राम सभा देवबंद देहात, शामिल हैं। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि राजन पुत्र कुलदीप, निवासी मोहल्ला लाजपत नगर, रेलवे रोड, देवबंद, जनपद सहारनपुर, सरकारी ग्राम समाज की भूमि पर अवैध रूप से मिट्टी का भराव कर कॉलोनी विकसित करने तथा भूखंड बेचने का प्रयास कर रहे हैं।

शिकायतकर्ताओं का कहना है कि यदि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर निर्माण एवं बिक्री की अनुमति दी गई तो इससे सरकार की संपत्ति को नुकसान पहुंचेगा तथा राजस्व की हानि होगी। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराने, अवैध निर्माण एवं भराव को हटाने तथा दोषी पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। संपूर्ण समाधान दिवस में प्रस्तुत इस शिकायत के बाद प्रशासन ने प्रार्थना पत्र प्राप्त कर मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। अब जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

(नोटः यह समाचार शिकायतकर्ताओं द्वारा लगाए गए आरोपों पर आधारित है। मामले में प्रशासनिक जांच एवं संबंधित पक्ष का पक्ष सामने आना शेष है।

# हरदोई : भंडारे के नाम पर चंदा मांगकर महिला को बेहोश करने वाले दो शातिर ठग गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज



■ कान के कुंडल लूटकर हुए थे फरार, पचदेवरा पुलिस ने भेजा जेल

**ब्यूरो चीफ शिवम गुप्ता**

**हरदोई।** थाना पचदेवरा पुलिस ने भंडारे के नाम पर चंदा मांगने के बहाने एक महिला को सम्मोहन या नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश करने और उसके कान के कुंडल लूटने वाले दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम मैकपुर निवासी वादिनी माया देवी पत्नी बलवीर ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि बीती 26 जून 2026 को दोपहर करीब 3:00 बजे दो अज्ञात व्यक्ति उनके दरवाजे पर आए। दोनों ने खुद को भंडारे के लिए चंदा इकट्ठा करने वाला बताया। जब माया देवी ने दान देने के लिए 100 रुपये की पर्ची कटवाई, तो दोनों अभियुक्तों ने उनके सिर से कोई धागा घुमाया। इसके तुरंत बाद माया देवी बेहाश हो गईं। महिला के बेहोश होते ही दोनों शातिर ठग उनके कान के सोने के कुंडल लेकर मौके से फरार हो गए।घटना के संबंध में थाना पचदेवरा में मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश शुरू की गई थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए प्रकाश में आए दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।

**गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान इस प्रकार हुई हैः** पवन पुत्र राजेन्द्र उर्फ पप्पू (निवासीः मोहल्ला पटकना, थाना शाहाबाद, जनपद हरदोई), करण पुत्र अरविन्द कुमार (निवासीः मोहल्ला नई बस्ती, थाना शाहाबाद, जनपद हरदोई)। पुलिस ने बताया कि इस मामले से जुड़े एक अन्य आरोपी अरविन्द पुत्र स्व0 लालबहादुर (निवासी मोहल्ला नई बस्ती, शाहाबाद) को पुलिस द्वारा पहले ही 1 जुलाई 2026 को घटना में लूटे गए 02 अदद कुंडल के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीमः-शातिरों को दबोचने वाली पचदेवरा पुलिस टीम में मुख्य रूप से निम्न पुलिसकर्मी शामिल रहेः प्र०नि० राकेश यादव, उ०नि० दिनेश कुमार पाण्डेय, उ०नि० पप्पूराम, उ०नि० राकेश पटेल, का० आदित्य, रि०का० अगन अली।

## संक्षिप्त खबरें ।

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जयंती धूमधाम से संपन्न




लोकतंत्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। पीरपैंती विधायक कार्यालय मे भारतीय जनता पार्टी के द्वारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का जयंती मनाया गया। इस अवसर पर विधायक मुरारी पासवान सहित अन्य कार्यकर्ता ने मुखर्जी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। उनके योगदानों का उल्लेख किया। श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक महान विद्वान, प्रखर वक्ता, देश भक्त थे। उनके योगदानों को भुलाया नहीं जा सकता हैं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष हरे राम शर्मा, पप्पू कुमार, रंजीत पासवान, सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

### पीरपैंती: अनुसूचित जन जाति खरवार संघ का बिस्तार हेतु बैठक सम्पन्न



लोकतंत्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। पीरपैंती प्रखंड के अनुसूचित जन जाति खरवार संघ कि संगठन और विस्तार के सम्बन्ध मे ग्राम पंचायत स्तर पर इकाई का गठन किया गया। इस अवसर पर श्री चन्द्रदेव प्रसाद सिंह पूर्व मुखिया की अध्यक्षत्ता में किया गया ।सर्ब सम्मति से दिलीप कुमार मण्डल अध्यक्ष, ललन कुमार मण्डल सचिव , और पवनदेव मण्डल कोषाध्यक्ष चुना गया। अन्य सदस्य का चुनाव भी किया गया। इस बैठक मै केंद्रीय कमिटी के उपाध्यक्ष भुवनेश्वर प्रसाद मण्डल , सचिव इंद्रदेव मण्डल के अलाबे पंचायत के गणमान्य शामिल हुए। इस कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा पिंटू मंडल, खाद्य आयोग के सदस्य महादेव मंडल , कृष्णदासपुर पंचायत के पूर्व मुखिया निशिकांत मंडल उपस्थित थे।

### बरहेट: अज्ञात चोरों ने बोलरों पिकअप वैन चोरी कर हुए फरार , पुलिस जांच में जुटी



लोकतन्त्र की आवाज़
बरहेट। बरहेट संथाली कुम्हार टोला के हाई स्कूल रोड से बीते गुरुवार की रात अज्ञात चोर गिरोह ने एक बोलेरो पिकअप वैन चोरी की घटना को अंजाम दिया । इस मामले में वाहन मालिक दानिश इक़बाल ने थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है । पुलिस ने थाना कांड संख्या 81 / 26 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू की । पुलिस ने घटना के संबंध में बताया कि वाहन चालक बाबूपुर गांव निवासी मिथलेश ठाकुर बीते 2 जुलाई को प्रखंड कार्यालय परिसर से गाड़ी लेकर बरहेट कुम्हार टोला में मैनेजर अर्जुन पंडित के घर के सामने गाड़ी लाकर खड़ा कर दिया । जिसका गाड़ी नंबर JH 18 M 4475 है । जब 5 जुलाई को गाड़ी का भाड़ा आया तब मैनेजर गाड़ी के पास गया तो देखा की गाड़ी नहीं है । इसकी सूचना तुरंत मैनेजर ने ऑनर को दी । इस सूचना पर गाड़ी की खोजबीन की गई । लेकिन गाड़ी का कोई अता पता नहीं चला । बताया कि वाहन में लगे जीपीएस से उसका अंतिम लोकेशन 3 जुलाई को रात्रि 1 :52 तक मैनेजर के घर के बाहर गाड़ी खड़ी थी । इस घटना पर जब आसपास के लोगों का जीपीएस फुटेज खंगालने पर 3 जुलाई की रात 2 :05 मीनट में गाड़ी को बरहेट की ओर जाते हुए देखा गया । सीसीटीवी फुटेज में देखा गया कि वाहन चोरी की घटना से महज कुछ ही देर पहले पुलिस की पेट्रोलिंग गाड़ी पार हो रही थी उस दौरान अज्ञात चोर को छुपते हुए देखा गया । लेकिन चोर का चेहरा साफ दिखाई नहीं दे रहा था । वाहन चोरी की घटना से पहले चोर ने जीपीएस को खोल दिया । ताकि वाहन का लोकेशन नहीं दिखे । इस मामले में थाना प्रभारी चंदन कुमार भैया ने कहा कि पुलिस इस मामले को गंभीरता से लेते हुए छानबीन कर रही है ।

# मेरा युवा भारत साहिबगंज जिला ने धूमधाम से मनाया डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जयंती

लोकतन्त्र की आवाज़




**साहिबगंज ।** युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार माय भारत मेरा युवा भारत साहिबगंज के तत्वाधान में दिन सोमवार को मेरा युवा भारत जिला प्रधान कार्यालय में आज दिनांक 6 जुलाई को डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की125 वी जन्म जयंती मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रोफेसर सुबोध झा युवा क्लब के अध्यक्ष गौरव कुमार सुमन राज्य शिक्षण संस्थान के निर्देश रविकांत ताती उपस्थित रहे।

वहीं मुख्य अतिथि भगत सिंह युवा क्लब के अध्यक्ष गौरव कुमार सुमन ने अपने संबोधन में युवाओं को संबोधित करते हुए यह कहा कि आज हम सब एक ऐसे महान राष्ट्र नायक की जयंती पर एकत्रित हुए हैं जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र की एकता अखंडता और स्वाभिमान के लिए समर्पित कर दिया है मैं बात कर रहा हू महान शिक्षा वेद प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक एवं जन नेता डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की साथियों 6 जुलाई 1901 को कोलकाता की पावन धरती पर जन्मे डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी केवल एक राजनेता नहीं थे बल्कि वह एक ऐसे व्यक्तित्व थे जिन्होंने अपने विचारों और अपने साहस से पूरे देश को नई दिशा दी उनके पिता कर आशुतोष मुखर्जी एक महान शिक्षा भी थे और उसकी संस्कार ने डॉक्टर मुखर्जी को भी राष्ट्र सेवा के मार्ग पर अग्रसर किया उन्होंने कम आयु में ही कोलकाता विश्वविद्यालय के सबसे युवा कुलपति बनने का गौरव प्राप्त किया उनका मानना था कि यदि भारत को विश्व गुरु बनाना है तो उसके युवाओं को शिक्षित सांस्कृतिक और राष्ट्र भावना बनाना होगा।

वही दूसरे मुख्य अतिथि रविकांत ताती जी ने अपने संबोधन में युवाओं को संबोधित करते हुए यह बताया कि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपने जीवन की अंतिम क्षण भी राष्ट्र के नाम कर दिया जम्मू कश्मीर की पूर्ण एकता के लिए संघर्ष करते हुए 23 जून 1953 को उनका निधन हो गया उनका जीवन हमें सिखाता है कि राष्ट्रीय के लिए त्याग करने वाला व्यक्ति कभी मरता नहीं वह करोड़ लोगों के दिल में अमर हो जाते हैं। वही इस कार्यक्रम का संचालक कर रहे हैं मेरा युवा भारत के सदस्य चंदन कुमार ने संबोधित करते हुए युवाओं को यह कहा कि आज माय भारत का उद्देश्य भी युवाओं में नेतृत्व सेवा अनुशासन और राष्ट्र निर्माण की भावना को विकसित करना है यदि हम डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों को अपने जीवन में उतार ले तो निश्चित ही भारत को विकसित सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं आज उनकी जयंती पर हम सब यह संकल्प ले कि राष्ट्र प्रथम राष्ट्र सर्वोपरि की भावना के साथ कार्य करेंगे समाज सेवा को अपना कर्तव्य मानेंगे और भारत की एकता अखंडता और गौरव की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मेरा युवा भारत के सदस्य राहुल कुमार यादव विकास कुमार मनवेल टुडू विजय सोरेन अमित रविदास रवि कुमार अनिल कुमार जितेन टुडू जोसेफ सोरेन मोनू रविदास एवं विभिन्न युवा क्लब के सदस्यों ने बढ़-कर कर हिस्सा लिया एवं अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## 7 जुलाई के सहयोग शिविर को लेकर डीएम सख्त, लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के दिए निर्देश



लोक तंत्र की आवाज

**दरभंगा।** समाहरणालय स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर सभागार में सोमवार को जिलाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित मामलों, जन शिकायतों, विकास योजनाओं तथा 7 जुलाई को आयोजित होने वाले सहयोग शिविर की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने मानवाधिकार, लोकायुक्त, आरटीपीएस, न्यायालयों में लंबित वाद, मुख्यमंत्री जनता दरबार, कृषि, राजस्व, सहकारिता एवं अन्य विभागों से जुड़े मामलों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी लंबित मामलों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आवेदनों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

बैठक में 7 जुलाई को जिले के 48 स्थानों पर आयोजित होने वाले सहयोग शिविर की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी करने, शिविरों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने तथा प्राप्त आवेदनों का प्रतिवेदन सहयोग पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया।

इसके अलावा जिले के आठ प्रखंडों में प्रस्तावित डिग्री कॉलेजों के निर्माण कार्य, बाढ़ पूर्व तैयारियों, भूमिहीन परिवारों को वासगीत पर्चा उपलब्ध कराने तथा प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और नियमित अनुश्रवण के निर्देश दिए।

बैठक में अपर समाहर्ता राजेश कुमार गुप्ता, राकेश कुमार, सलीम अख्तर, जिला पंचायती राज पदाधिकारी पवन कुमार सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक से जुड़े।

## एसआईआर को लेकर जेएमएम के कार्यकर्ता अलर्ट : बर्नाई मरांडी



लोकतन्त्र की आवाज़

**बरहेट।** झामुमो प्रखंड कार्यालय में एस आई आर को बैठक सोमवार को झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह प्रमुख बर्नार्ड की अध्यक्षता में हुई ।इस बैठक का संचालन प्रखंड सचिव मुजिबुल रहमान ने किया । प्रखंड अध्यक्ष मरांडी ने कहा कि एस आईआर को को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के एक-एक कार्यकर्ता अलर्ट रहे । ओर आगे भी नजर रखे ।कार्यकर्ताओं को बताया कि 30 जून से घर-घर जाकर बी एल ओ द्वारा गणना प्रपत्र वितरण किया जा रहा है । वही दोनों कार्यकर्ता व बी एल ए 2 मिलकर पात्र मतदाताओं का नाम कटे नहीं ये उनकी जिम्मेवारी है । वोटर लिस्ट पर नजर रखेंगे । ओर बीएलओ को मदद कर सकते हैं । कार्यकर्ता यह सुनिश्चित करेंगे कि एक भी पात्र मतदाता का नाम वोटर लिस्ट से नहीं कटे । कहा कि जो चुनौती सामने आने वाली है उसका सामना बूथ लेवल कार्यकर्ता करेंगे । मौके पर छवि हेंब्रम, झामुमो नेता मो अली, लखीराम हेंब्रम, समदा सोरेन ,जेठा मुर्मू, अन्य थे ।

## मुंगेर में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर लेखन एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज



**अनोज कुमार सिंह ब्यूरो चीफ**
**मुंगेर।** मुंगेर के प्रखंड धरहरा हेमजापुर में , 6 जुलाई। मेरा युवा भारत (MY Bharat), मुंगेर के जिला युवा अधिकारी श्री मयंक के निर्देशानुसार डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर लेखन एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री नीरज कुमार एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके बाद डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर परिचर्चा आयोजित हुई। वक्ताओं ने उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान, शिक्षा, राष्ट्रीय एकता एवं युवा प्रेरणा से जुड़े विचारों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से उनके आदर्शों का अनुसरण करने का आह्वान किया। लेखन एवं पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने आकर्षक एवं प्रेरणादायक रचनाएं और चित्र प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान बच्चों एवं युवाओं को योग के महत्व, स्वस्थ जीवनशैली तथा नियमित योगाभ्यास के लाभों की भी जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में युवा क्लब के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर सुनील, काजल कुमारी, गीता सहित अन्य युवा क्लब के सदस्य, छात्र-छात्राएं एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

अंत में सभी प्रतिभागियों एवं अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया तथा भविष्य में भी युवाओं के सर्वांगीण विकास हेतु इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया गया। यदि प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों के नाम हों, तो उन्हें जोड़कर इसे और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। कविता में सोनम कुमारी प्रथम एवं पेंटिंग में सुमित कुमार द्वितीय स्थान प्राप्त की।

## हसरत अली उर्फ टिपू की मौत को लेकर सड़क पर उतरा परिवार और मोहल्ले के लोग

लोकतंत्र की आवाज



**अनोज कुमार सिंह ब्यूरो चीफ**
**मुंगेर।** हसरत अली उर्फ टिपू की संदिग्ध मौत के मामले में न्याय की मांग तेज हो गई है। 26 जून की रात हुई घटना को लेकर परिवार वाले कई दिनों से न्याय की गुहार लगा रहे हैं। आज तेज हवा और बारिश के बीच सैकड़ों परिवार वाले, मोहल्ले के लोग और युवा घर से शहीद अब्दुल हमीद चौक तक "Justice for Tipu" का बैनर लेकर पहुंचे। वहां कैंडल जलाकर जिला प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की गई।

**परिवार का आरोप:** परिवार वालों का कहना है कि प्रशासन इस मामले में भेदभाव कर रही है और "कड़वा तेल डालकर सोई हुई है"। उनका आरोप है कि घर का इकलौता कमाने वाला चिराग चला गया है, लेकिन प्रशासन इसे हादसा बता रही है जबकि परिवार इसे हत्या मानता है। परिवार ने कहा, "अगर यह हादसा है तो मेन रोड से टिपू को सुरक्षित मोटरसाइकिल चलाते हुए गली में घुसते हुए दिखाया जाए। तब हम मानेंगे कि प्रशासन ठीक बोल रही है।"

**■ शहीद अब्दुल हमीद चौक पर कैंडल जलाकर मांगा न्याय, "हत्या है, हादसा नहीं"**

**श्रद्धांजलि और मांग:** इस अवसर पर परिवार वाले भावुक हो गए। शहीद अब्दुल हमीद चौक पर 2 मिनट का मौन रखकर टिपू को श्रद्धांजलि दी गई और कैंडल जलाकर अपनी मांग रखी गई। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कहा, "जब तक न्याय नहीं मिलेगा यह लड़ाई जारी रहेगी। प्रोटेस्ट लगातार चलते रहेंगे।" अब देखना है कि मुंगेर पुलिस कप्तान सैयद इमरान मसूद इस मामले में क्या कार्रवाई करते हैं

## बाबा बुढ़ा अमरनाथ शौर्य यात्रा की तैयारी तेज, 17 अगस्त को दरभंगा से रवाना होंगे श्रद्धालु

लोक तंत्र की आवाज



**दरभंगा।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल, दरभंगा नगर की नगर, वार्ड एवं बस्ती कार्ययोजना को लेकर बैठक नगर अध्यक्ष मोहन बारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संगठन विस्तार के साथ आगामी बाबा बुढ़ा अमरनाथ शौर्य यात्रा की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में जिला सह मंत्री राजीव प्रकाश मधुकर ने कहा कि उत्तर बिहार से हजारों श्रद्धालुओं के बाबा बुढ़ा अमरनाथ शौर्य यात्रा में शामिल होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि दरभंगा से श्रद्धालुओं का जत्था 17 अगस्त 2026 की सुबह कामाख्या सुपरफास्ट एक्सप्रेस से रवाना होगा, जबकि 18 अगस्त को जम्मू-कश्मीर में एकत्रीकरण और 19 अगस्त को बाबा बुढ़ा अमरनाथ दर्शन के लिए यात्रा प्रारंभ होगी। उन्होंने इच्छुक श्रद्धालुओं से शीघ्र पंजीकरण कराने की अपील की।

बैठक में संगठन विस्तार को लेकर विभिन्न वार्ड, बस्ती एवं पंचायत स्तर पर नए दायित्वों की घोषणा की गई। नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए उन्हें संगठन को मजबूत बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई।

राजीव प्रकाश मधुकर ने कहा कि दरभंगा जिले को विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल का मॉडल जिला बनाने की दिशा में वार्ड, बस्ती, प्रखंड और पंचायत स्तर तक संगठन का विस्तार किया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सेवा, सामाजिक समरसता और धार्मिक जागरूकता के कार्यों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

बैठक में बजरंग दल के जिला सह संयोजक सुमित कुमार राय, जिला सुरक्षा प्रमुख पंकज वारी, जिला गौ रक्षा प्रमुख विजय देव, नगर संयोजक शंकर कुमार, नगर सहसंयोजक शेखर साहनी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में शांति पाठ एवं जयघोष के साथ बैठक का समापन हुआ।

## हनुमान नगर प्रखंड क्षेत्र में जनगणना में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी कर्मियों को बीडीओ मनीष कुमार ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मान

लोक तंत्र की आवाज



**दरभंगा।** हनुमाननगर प्रखंड कार्यालय में जनगणना कार्य में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लगभग 350 प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार ने सभी कर्मियों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर बीडीओ मनीष कुमार ने कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में प्रगणकों और पर्यवेक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है।

उन्होंने कहा कि सभी कर्मियों ने जिम्मेदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया, जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। उन्होंने सभी सम्मानित कर्मियों से भविष्य में भी सरकारी योजनाओं एवं जनहित के कार्यों में इसी समर्पण के साथ योगदान देने की अपील की। समारोह के दौरान सम्मानित प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों ने भी इस सम्मान के लिए प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रखंड के जनगणना कार्य से जुड़े अधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में प्रगणक एवं पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

## अनुसंधान परिषद की बैठक में तय होगी बिहार की कृषि का अगला रोडमैप

लोकतंत्र की आवाज



**रामजी कुमार**
**समस्तीपुर।** जलवायु परिवर्तन, घटते प्राकृतिक संसाधन और बदलती खेती की चुनौतियों के बीच बिहार की कृषि को नई दिशा देने के लिए डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय (आरपीसीएयू), पूसा में सोमवार से 21वीं अनुसंधान परिषद (खरीफ) की तीन दिवसीय बैठक शुरू हुई। यह बैठक केवल वार्षिक समीक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि आने वाले वर्षों में विश्वविद्यालय के कृषि अनुसंधान की प्राथमिकताएं तय करेगी।

विद्यापति सभागार में आयोजित उद्घाटन सत्र में पिछले वर्ष के अनुसंधान कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ जलवायु-अनुकूल, डिजिटल और किसान-केंद्रित कृषि अनुसंधान की रणनीति पर मंथन शुरू हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और विश्वविद्यालय कुलगीत से हुई। इस दौरान कृषि अनुसंधान निदेशालय की तकनीकी पुस्तकों, शोध बुलेटिन, विस्तार पुस्तिकाओं तथा मक्का एवं बीज पर तैयार स्टेटस रिपोर्ट का विमोचन भी किया गया।

**जलवायु परिवर्तन सबसे बड़ी चुनौती: कुलपति:** अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति डॉ. पी. एस. पांडेय ने कहा कि कृषि के सामने जलवायु परिवर्तन सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। इसलिए डिजिटल तकनीकों को अपनाना अब विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का लक्ष्य केवल प्रयोगशाला में तकनीक विकसित करना नहीं, बल्कि उसे खेत तक पहुंचाकर किसानों की आय बढ़ाना है। उन्होंने वैज्ञानिकों से प्राकृतिक खेती, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और ड्रोन तकनीक को कृषि अनुसंधान का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

**"देश में अलग पहचान बना चुका है आरपीसीएयू":** मुख्य अतिथि एवं पूर्व कुलपति डॉ. ए. आर. पाठक ने कहा कि पिछले चार वर्षों में विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाई है। यहां विकसित किस्मों और अनुसंधान का लाभ केवल बिहार ही नहीं, बल्कि देश के अन्य राज्यों को भी मिल रहा है। उन्होंने कहा कि डिजिटल एग्रीकल्चर के क्षेत्र में विश्वविद्यालय के प्रयोग अन्य कृषि विश्वविद्यालयों के लिए मॉडल बन सकते हैं। लीची, मखाना और मक्का जैसी फसलों पर हो रहा अनुसंधान भविष्य की कृषि को नई दिशा देगा।

**मखाना अनुसंधान को मिलेगा नया आधार:** मुख्य वक्ता डॉ. इंदु शेखर सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय स्तर के मखाना अनुसंधान संस्थान की स्थापना इस क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि 19 वैज्ञानिकों की टीम मखाना की खेती, प्रसंस्करण, कृषि यंत्र और संपूर्ण वैल्यू चेन पर काम कर रही है। उन्होंने वैज्ञानिकों से जलवायु-स्मार्ट बीज विकसित करने और मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आंकड़ों के आधार पर संतुलित उर्वरक उपयोग सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।

**61 नए शोध प्रस्तावों पर होगी चर्चा:** तीन दिवसीय बैठक में विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के डीन और वैज्ञानिक अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय तथा विश्वविद्यालय पोषित शोध परियोजनाओं की प्रगति प्रस्तुत करेंगे। तकनीकी सत्रों में मिलेट्स, मखाना, लीची संवर्धन, प्राकृतिक एवं जैविक खेती, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित मौसम और बाजार मूल्य पूर्वानुमान, फसल सुरक्षा सहित 61 नए शोध प्रस्तावों पर विचार होगा। बैठक का एक महत्वपूर्ण एजेंडा विश्वविद्यालय द्वारा विकसित राजेंद्र हाइब्रिड मक्का-5 और राजेंद्र हाइब्रिड मक्का-6 की पहचान एवं विमोचन पर बाहरी विशेषज्ञों का अंतिम निर्णय भी रहेगा।

## संक्षिप्त खबरें ।

### केसरिया में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ज़ी के जन्म जयंती के अवसर पर केसरिया टोला जानें वाली मार्ग का नामकरण किया गया



**ब्यूरो प्रमुख मोतिहारी**
**पूर्वी चम्पारण।** सोमवार को श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के जन्म जयंती के अवसर पर केसरिया नगर पंचायत अंतर्गत केसरिया टोला जाने वाली मार्ग का नामकरण डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग के नाम पर किया गया। इस दौरान केसरिया भाजपा मंडल की बैठक भी हुई। इस अवसर पर श्याम प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर भाजपा के कई गणमान्य नेतागण उपस्थित रहें। वहीं भाजपा नेता अविनाश कुमार सिंह ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी शिक्षाविद्, चिंतक,और भारतीय जनसंघ के संस्थापक थें। तथा वे अखिल भारतीय हिंदू महासभा के अध्यक्ष भी रहे। उनका जन्म 6 जुलाई 1901 ई०को कोलकाता में हुआ था। तथा उनकी मृत्यु 23 जून 1953 ई० को श्रीनगर में हुई थी। इस अवसर पर केसरिया विधानसभा संयोजक आनंद कुमार सिंह,भाजपा नेता रिंकू पाठक,जिला मंत्री शंभू महतो,मंडल अध्यक्ष मुन्ना साह, अविनाश कुमार सिंह,सुमन पांडेय,गिनी मिश्रा जगन्नाथ यादव शैलेंद्र गिरी आलोक यादव, भोला सिंह उर्फ जंगल प्रताप सिंह, अरुण गिरी,शौकत अली, रजनीश पांडेय सहित मंडल कमिटी के सदस्य महिला कमिटी के सदस्य युवा मोर्चा कमिटी के सदस्य शामिल उपस्थित थें।

### मोतिहारी: डॉ कृष्ण सिंह महिला महाविद्यालय में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 125वां स्मरण दिवस पर छात्र- छात्रा सम्मेलन का आयोजन किया गया



**ब्यूरो प्रमुख मोतिहारी**
मोतिहारी के डॉ श्रीकृष्ण सिंह महिला महाविद्यालय में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का 125वाँ स्मरण पक्ष के अवसर पर भाजपा युवा एवं महिला मोर्चा द्वारा आयोजित "छात्र/छात्रा सम्मेलन" को संबोधित करते भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सह मोतिहारी सांसद राधामोहन सिंह,विधायक प्रमोद कुमार, डिप्टी मेयर डॉ. लालबाबू प्रसाद जिला उपाध्यक्ष सुधांशु रंजन, जिला उपाध्यक्ष मीना मिश्रा, महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष नीता शर्मा,प्रदेश के मीडिया प्रभारी शिवम सिंह,युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष बब्लू पासवान,युवा मोर्चा के जिला महामंत्री चंदन सिंह,युवा मोर्चा के जिला महामंत्री सनी सिंह,युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष दिव्यांशु मिश्रा सहित अन्य कार्यकर्तागण एवं बड़ी संख्या में छात्र/छात्राएं उपस्थित रहें। वहीं जिलाध्यक्ष पवन राज ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ऐसे महापुरुष थे जिन्होंने राष्ट्र के सम्मान, एकता और अखंडता के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने केवल 33 वर्ष की आयु में कलकत्ता विश्वविद्यालय के सबसे युवा कुलपति बनकर यह सिद्ध कर दिया कि युवा यदि संकल्पित हो जाए तो असंभव भी संभव हो जाता है। उनका जीवन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं,बल्कि राष्ट्र निर्माण का सबसे शक्तिशाली साधन है।इस कार्यक्रम के भाजपा के कई गणमान्य नेतागण उपस्थित रहें।

# बगहा में पर्यावरण संरक्षण गतिविधि की दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न



**लोकतंत्र की आवाज**

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
उत्तर बिहार, दक्षिण बिहार व झारखंड के सैकड़ों प्रतिनिधियों ने लिया भाग, पेड़ लगाओ-जल बचाओ का दिया संदेश
बगहा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के तत्वावधान में बगहा के मारवाड़ी अतिथि भवन में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन संपन्न हुआ। 4 जुलाई की संध्या से 5 जुलाई की संध्या तक आयोजित इस कार्यशाला में उत्तर बिहार, दक्षिण बिहार तथा झारखंड के सैकड़ों पर्यावरण कार्यकर्ताओं एवं विशेषज्ञों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान अनुभूति भ्रमण एवं संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। सर्वव्यवस्था प्रमुख सह जिला संयोजक जितेंद्र कुमार ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना तथा प्रकृति संरक्षण के लिए जनभागीदारी सुनिश्चित करना है। विभाग संयोजक डॉ. अमित रंजन ने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण आज वैश्विक चुनौती बन चुका है। ऐसे समय में पर्यावरण संरक्षण गतिविधि समाज को जागरूक करने और प्रकृति संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रांत संयोजक सुधांशु मिश्र ने बताया कि संगठन की गतिविधियां मुख्य रूप से पेड़-पौधों के संरक्षण, जल बचाने तथा पॉलीथिन मुक्त समाज के निर्माण पर केंद्रित हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर अनुभूति भ्रमण कार्यक्रम के लिए इस वर्ष बगहा जिले का चयन किया गया। भ्रमण के दौरान प्रतिनिधियों ने पीपरा स्थित विकास वैभव चौक पर गजेंद्र यादव द्वारा लगाए गए दस लाख से अधिक पौधों का अवलोकन किया। पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनके समर्पण की सभी ने सराहना की। कार्यक्रम के समापन अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के अखिल भारतीय संयोजक गोपाल आर्य मुख्य अतिथि तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत सह संघचालक राजकिशोर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चंद्रकुमार पाठक ने की। अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र भेंट कर किया गया। अपने संबोधन में गोपाल आर्य ने पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान करते हुए ₹पेड़ लगाओ, पानी बचाओ और पॉलीथिन भगाओ₹ का संदेश दिया। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति से कम से कम एक पौधा लगाने और उसके संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की। कार्यक्रम में प्रांत संयोजक सुधांशु मिश्र, सह प्रांत संयोजक देवदास, दक्षिण बिहार के प्रांत संयोजक रामबिलास शांडिल्य, नवनीत गिरी, जयेश भट्टाचार्य, जनार्दन विश्वकर्मा, डॉ. योगी शैलेन्द्र गिरी, डॉ. अमित रंजन, जितेंद्र कुमार, डॉ. कीर्ति कुमारी, अशोक राव, प्रमोद गुप्ता, सुनील कुमार, संदीप चौधरी, ममता दूबे सहित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मुरादाबाद सड़क हादसे में पतरघट के दो चचेरे भाइयों की मौत, गांव में पसरा मातम



**लोकतंत्र की आवाज**

**सहरसा संवादाता।**
उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में शनिवार देर रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में सहरसा जिले के पतरघट निवासी दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई। हादसे में जदयू प्रखंड अध्यक्ष राज कुमार साह के इकलौते 22 वर्षीय पुत्र ओम कुमार उर्फ छोटू तथा उनके दिवंगत भाई अरविंद साह के इकलौते 24 वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। रविवार सुबह घटना की सूचना गांव पहुंचते ही दोनों परिवारों में कोहराम मच गया और पूरे पतरघट क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार, पतस्वट वार्ड संख्या-5 निवासी जदयू प्रखंड अध्यक्ष राज कुमार साह के परिवार में एक पुत्र और तीन पुत्रियां हैं। ओम कुमार परिवार का सबसे छोटा और इकलौता बेटा था। वहीं, उनके दिवंगत भाई अरविंद साह के इकलौते पुत्र प्रिंस कुमार पर पिता के निधन के बाद पूरे परिवार की जिम्मेदारी थी। परिजनों ने बताया कि ओम कुमार मुरादाबाद स्थित टीएमयू में बीएससी एग्रीकल्चर की पढ़ाई कर रहा था, जबकि प्रिंस कुमार दरभंगा में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। एक सप्ताह पूर्व प्रिंस परीक्षा देने दिल्ली गया था। शनिवार शाम वह अपने चचेरे भाई ओम से मिलने मुरादाबाद पहुंचा और रात में उसके साथ ठहरा। देर रात दोनों एक ही बाइक से किसी काम से शहर की ओर निकले थे। इसी दौरान मझोला थाना क्षेत्र में उनकी बाइक सड़क हादसे का शिकार हो गई, जिसमें दोनों युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। रविवार सुबह जैसे ही हादसे की सूचना गांव पहुंची, दोनों परिवारों में चीख-पुकार मच गई। ओम कुमार की दादी सत्यभामा देवी, पिता राज कुमार साह, मां रंजू देवी तथा बहनें अनुपम कुमारी, टंडन कुमारी और मौसम कुमारी का रो-रोकर बुरा हाल था। वहीं प्रिंस कुमार की मां रिंकू कुमारी और बहन मनीषा कुमारी सहित अन्य परिजन भी गहरे सदमे में हैं। घटना की जानकारी मिलते ही जनप्रतिनिधि, स्थानीय ग्रामीण और शुभचिंतक बड़ी संख्या में पीड़ित परिवार के घर पहुंचे तथा शोक संतप्त परिजनों को व सांत्वना दी। दो युवा चचेरे भाइयों की असमय मौत से पूरे पतरघट क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है।

## केसरियाः बिजधरी पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ एवं देशी चुलाई शराब किया बरामद



**लोकतंत्र की आवाज**

**ब्यूरो प्रमुख मोतिहारी**
**मोतिहारी।** बीजधरी थाना अंतर्गत पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर डॉग स्कॉट के सहायता से सुरेश सिंह पिता ध्रुव नारायण सिंह सा० जगीरहा थाना बीजधरी जिला पूर्वी चंपारण के बथान से 244 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा एवं 7 लीटर देशी चुलाई शराब बरामद किया गया है। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान थानाधिकारी सीमा कुमारी ने कहा कि थाना क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बेचने एवं पीने वालों के खिलाफ लगातार कारवाई जारी है।

## रामपुर-हरनाटांड़ व बांसी सड़क के चौड़ीकरण की फिर उठी मांग

**लोकतंत्र की आवाज**

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा।** वाल्मीकिनगर विधानसभा क्षेत्र की दो प्रमुख सड़कों के चौड़ीकरण की मांग एक बार फिर तेज हो गई है। वाल्मीकिनगर विधायक सुरेंद्र प्रसाद कुशवाहा ने बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री को पत्र भेजकर बगहा-2 प्रखंड के रामपुरझहरनाटांड़ मार्ग तथा मधुबनी प्रखंड में पीडब्ल्यूडी मुख्य पथ से बांसी तक जाने वाली सड़क के चौड़ीकरण के साथ दोनों ओर पक्के नाले के निर्माण की स्वीकृति देने का अनुरोध किया है। विधायक ने अपने पत्र में कहा है कि दोनों सड़कें क्षेत्र की महत्वपूर्ण संपर्क सड़कें हैं, लेकिन कम चौड़ाई के कारण यहां आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। इसका सबसे अधिक असर आम लोगों, स्कूली बच्चों, किसानों और मरीजों को अस्पताल



पहुंचाने वाली एंबुलेंस सेवा पर पड़ता है। बरसात के दिनों में जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं रहने से सड़क पर जलजमाव हो जाता है, जिससे आवागमन और अधिक बाधित हो जाता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की बढ़ती आबादी और यातायात के दबाव को देखते हुए अब इन सड़कों का चौड़ीकरण समय की आवश्यकता बन गया है। सड़क के दोनों किनारों पर पक्के नाले का निर्माण होने से जलजमाव की समस्या का भी स्थायी समाधान हो सकेगा। विधायक सुरेंद्र प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि इस संबंध में पूर्व में भी विभाग को पत्र भेजा जा चुका है। उन्होंने कहा कि पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता ने विधानसभा में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में बताया था कि बॉसीझदेवीपुरझरंगललही पथ के चौड़ीकरण का प्रस्ताव वर्ष 2025-26 की वार्षिक कार्य योजना के तहत मुख्यालय को भेजा गया है। प्रस्ताव को स्वीकृति मिलते ही विभागीय प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। विधायक ने उम्मीद जताई कि जनहित से जुड़े इस प्रस्ताव को सरकार प्राथमिकता देते हुए जल्द स्वीकृति प्रदान करेगी, जिससे हजारों लोगों को बेहतर और सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सकेगी।

## रामधाम मंदिर मार्ग पर जलजमाव से बढ़ी परेशानी, अतिक्रमण के कारण नाली निर्माण बाधित, नगर परिषद की व्यवस्था पर उठे सवाल

**लोकतंत्र की आवाज**

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा।** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 26 एवं 27 स्थित रामधाम मंदिर जाने वाले मुख्य मार्ग पर जलजमाव की समस्या से स्थानीय लोगों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। डॉ. राजेश सिंह नीरज के आवास के समीप सड़क पर जमा गंदा पानी राहगीरों, छात्र-छात्राओं, मरीजों और आसपास के लोगों के लिए मुसीबत बना हुआ है। गर्मी के मौसम में ही सड़क पर जलभराव की स्थिति बनी रहने से लोगों में नाराजगी है, जबकि बरसात में हालात और गंभीर होने की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मार्ग बाजार, अस्पताल और रामधाम मंदिर तक पहुंचने का प्रमुख रास्ता है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग इसी सड़क से



आवागमन करते हैं, लेकिन जलजमाव के कारण उन्हें गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। इससे दुर्घटनाओं के साथ-साथ संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है।

क्षेत्रवासियों का आरोप है कि नगर परिषद हर वर्ष नालियों की सफाई पर लाखों रुपये खर्च करने का दावा करता है, लेकिन जलनिकासी की स्थायी व्यवस्था नहीं होने से समस्या जस की तस बनी हुई है। इसे लेकर नगर परिषद की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। वार्ड संख्या 26 के वार्ड पार्षद प्रतिनिधि डॉ. राजू सिंह ने बताया कि वार्ड संख्या 27 की सरकारी जमीन पर अतिक्रमण के कारण नाली और पुलिया का निर्माण नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यपालक पदाधिकारी सरोज कुमार बैठा स्थल का निरीक्षण भी कर चुके हैं। स्थानीय लोगों ने पाइप के माध्यम से पानी निकासी का सुझाव दिया था, लेकिन अतिक्रमण के कारण योजना आगे नहीं बढ़ सकी।

वहीं, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सरोज कुमार बैठा ने बताया कि सफाई एजेंसी को नालियों की सफाई के निर्देश दिए गए हैं तथा जलनिकासी की व्यवस्था कर समस्या के समाधान का प्रयास किया जाएगा। हालांकि, स्थानीय लोगों ने अतिक्रमण हटाकर नाली एवं पुलिया का निर्माण कराने की मांग की है, ताकि वर्षों पुरानी जलजमाव की समस्या का स्थायी समाधान हो सके।

## सहरसा : रामविलास पासवान की 80वीं जयंती पर लोजपा (रामविलास) का जयंती महोत्सव आयोजित

**लोकतंत्र की आवाज**

**सहरसा संवादाता।**
लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) सहरसा के तत्वावधान में रविवार को जिला परिषद परिसर स्थित पूजा बैंक्वेट हॉल में पार्टी के संस्थापक, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पद्म भूषण स्व. रामविलास पासवान की 80वीं जयंती महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के जिलाध्यक्ष महेंद्र कुमार शर्मा ने की। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर एवं स्व. रामविलास पासवान के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। इस अवसर पर पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठों एवं प्रखंड इकाइयों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व एवं



कृतित्व को नमन किया तथा गरीबों, दलितों, वंचितों और मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष महेंद्र कुमार महेंद्र शर्मा बोले- राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना रामविलास पासवान की ऐतिहासिक देन, उनके विचारों पर चलने का लिया संकल्प शर्मा ने कहा कि स्व. रामविलास पासवान ने सदैव सत्ता को जनसेवा का माध्यम बनाया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के माध्यम से गरीबों को खाद्यान्न उपलब्ध कराने में रामविलास पासवान की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वे जीवनभर गरीब, दलित, पिछड़े और वंचित समाज के हितों के लिए संघर्षरत रहे और सामाजिक न्याय की राजनीति को नई दिशा दी। कार्यक्रम को' युवा प्रदेश उपाध्यक्ष अमरेन्द्र कुमार यादव, युवा जिलाध्यक्ष संदीप पासवान, महिला जिलाध्यक्ष रिंकू कुमारी, संसदीय बोर्ड जिलाध्यक्ष मणिकांत सिंह, आईटी सेल जिलाध्यक्ष गगन कुमार, जिला महासचिव हरे कृष्ण कुमार, जिला उपाध्यक्ष पार्वती कुमारी, प्रधान महासचिव रमेश चौधरी, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला कार्यकारी अध्यक्ष रतन कुमार साह, प्रखंड अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, के.डी. शर्मा, अरुण यादव, अभिषेक आनंद, फुलेश्वर रजक, मोहम्मद सद्दाम, रणधीर सिंह, मनीष कुमार, सोहन सिंह, सुशील पासवान, विद्यानंद पासवान, बिजेंद्र हांसदा, प्रदीप पासवान, नगर अध्यक्ष नरेश मिस्त्री, सोनी देवी, ज्योति कुमारी, माला देवी, फूलो देवी, रीभा कुमारी, सुलेखा देवी, हीना देवी, सनुपम पासवान, काजल देवी, आदर्श पासवान साहित अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं सामर्थक उपस्थित रहे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मोतिहारी के तत्वावधान में सुगौली के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**लोकतंत्र की आवाज**

**ब्यूरो प्रमुख मोतिहारी**
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी के तत्वावधान में सोमवार को सुगौली स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पीएचसी) परिसर में बाल विवाह उन्मूलन एवं स्थायी लोक अदालत की भूमिका एवं समाज में इसकी उपयोगिता विषय पर एक विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रयास जुवेनाइल सेंटर के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ताओं एवं पैरालीगल वॉलंटियर्स द्वारा उपस्थित लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों, इसके कानूनी प्रावधानों तथा समाज पर इसके नकारात्मक प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही बाल विवाह निषेध अधिनियम के अंतर्गत दंडात्मक प्रावधानों की भी जानकारी दी गई तथा लोगों को इस कुप्रथा के उन्मूलन हेतु जागरूक एवं सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। इसके अतिरिक्त,स्थायी लोक अदालत के माध्यम से सुलभ, त्वरित एवं सस्ती न्याय व्यवस्था की जानकारी दी गई। पैनल अधिवक्ताओं ने बताया कि स्थायी लोक अदालत के माध्यम से जनसामान्य बिना अधिक खर्च और समय के अपने विवादों का समाधान प्राप्त कर सकते हैं,जिससे न्याय व्यवस्था में विश्वास और सुलभता बढ़ती है। कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सा पदाधिकारियों एवं स्थानीय



जनप्रतिनिधियों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए बाल विवाह उन्मूलन की आवश्यकता पर बल दिया तथा समाज को जागरूक करने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति रही, जिन्होंने कार्यक्रम में रुचि लेकर विभिन्न विधिक विषयों पर जानकारी प्राप्त की। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मोतिहारी द्वारा इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर किया जाता रहेगा, ताकि समाज के प्रत्येक वर्ग को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया जा सके। इस अवसर पर प्रयास जुबेनाइल एड सेंटर से आरती कुमारी,समेत कई अन्य गणमान्य शामिल थें।

## 105 वर्षीय स्वतंत्रता सेनानी सचेन्द्र नारायण सिंह का निधन, राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई

**लोकतंत्र की आवाज**

**सहरसा संवादाता।**
जिला के पतरघट प्रखंड क्षेत्र के जम्हरा निवासी एवं 105 वर्षीय स्वतंत्रता सेनानी सचेन्द्र नारायण सिंह का शनिवार की रात निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग, जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता उनके पैतृक आवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। निधन की सूचना मिलते ही पतरघट थानाध्यक्ष शशि कुमार, पुलिस पदाधिकारी अब्दुल मन्नान एवं पुलिस बल उनके आवास पहुंचे। पुलिस ने राजकीय सम्मान के तहत उनके पार्थिव शरीर पर तिरंगा ओढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की और सलामी देकर राष्ट्र के प्रति उनके



अमूल्य योगदान को नमन किया। रविवार को पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके बड़े पुत्र सुमन कुमार सिंह ने मुखाग्नि दी। अपने पीछे वे पत्नी प्रमिला देवी, पुत्र सुमन कुमार सिंह, अंजनी सिंह उर्फ पंपम सिंह, पुत्री मौसम कुमारी सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। इस अवसर पर शैलेन्द्र सिंह, अमरेंद्र सिंह, अशोक कुमार सिंह, संजीव सिंह, सतीश सिंह 'चिक्कू', शिक्षक सह समाजसेवी अभिषेक प्रताप सिंह, अवनीश कुमार सिंह उर्फ बौआ, पूर्व पैक्स अध्यक्ष संजीव सिंह, रवि शेखर सिंह, सत्यनारायण सिंह, रमण कुमार सिंह, प्रदीप नारायण सिंह, भूदेव सिंह, टिंकू सिंह, देवनारायण मंडल समेत बड़ी संख्या में लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

## संक्षिप्त खबरें ।

### बगहा : हत्या कांडों की समीक्षा, लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा।** पुलिस अधीक्षक बगहा ने रविवार को रामनगर थाना क्षेत्र में दर्ज हत्या कांडों की समीक्षा की। रामनगर थाना परिसर में आयोजित समीक्षा बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) रामनगर, थानाध्यक्ष सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने लंबित हत्या कांडों की अद्यतन प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अनुसंधान में तेजी लाने, फरार अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने तथा सभी मामलों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निष्पादन करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हत्या जैसे गंभीर मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अनुसंधान पदाधिकारियों को साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष एवं प्रभावी अनुसंधान करते हुए जल्द से जल्द आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही लंबित मामलों की नियमित मॉनिटरिंग कर निर्धारित समय सीमा के भीतर निष्पादन करने पर भी जोर दिया।

### औरंगाबाद : गोह में प्रगतिशील विश्वकर्मा महासभा की बैठक आयोजित



**गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**
**गोह (औरंगाबाद)** गोह प्रखंड के पुंदौल गांव स्थित स्वर्गीय लालपड़ी देवी के आवास पर प्रगतिशील विश्वकर्मा महासभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रगतिशील विश्वकर्मा महासभा के जिला अध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने किया। इस बैठक में समाज को संगठित करना तथा एक सूत्र में बंधा कर चलने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। उन्होंने कहा कि गोह प्रखंड के बीसों पंचायतों में बढ़ही समाज को संगठित करने के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पंचायत स्तर पर विभिन्न पदाधिकारियों को नियुक्त किया गया है। जिससे विश्वकर्मा महासभा के लोगों को राजनीतिक एवं सामाजिक दृष्टिकोण से भागीदारी सुनिश्चित करना अति आवश्यक है। इस मौके पर प्रगतिशील विश्वकर्मा महासभा के पूर्व जिला अध्यक्ष विंदेश्वरी शर्मा, प्रखंड अध्यक्ष सिकन्दर कुमार, चापुक मुखिया अशोक मिस्त्री, अनिल शर्मा, दीपक शर्मा, अरविंद शर्मा, मुकेश शर्मा, रितेश शर्मा, ललन शर्मा , सुजीत कुमार शर्मा, रविरंजन शर्मा सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### तीन एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार, न्यायालय भेजे गए

**सिरदला (नवादा)।** सिरदला थाना पुलिस ने विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए तीन एनबीडब्ल्यू (गैर-जमानती वारंट) वारंटियों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने बताया कि सिरदला गांव में छापेमारी के दौरान गिरफ्तार वारंटियों की पहचान महेंद्र वर्मा, उमेश वर्मा एवं योगेश वर्मा के रूप में हुई। तीनों के विरुद्ध न्यायालय से गैर-जमानती वारंट जारी था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए तीनों आरोपियों को व्यवहार न्यायालय, नवादा में प्रस्तुत कर दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# औरंगाबाद के बलिगांव में 9 जुलाई को एतिहासिक कार्यक्रम में शामिल होंगे मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी

लोकतंत्र की आवाज

**अभिमन्यु कुमार प्रखंड संवाददाता दाऊदनगर**
**दाउदनगर (औरंगाबाद)** रफीगंज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बलिगांव में आगामी 9 जुलाई को आयोजित होने वाले ऐतिहासिक कार्यक्रम में शहीद जगदेव प्रसाद की आदमकद प्रतिमा का होगा अनावरण। प्रस्तावित कार्यक्रम में बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के आगमन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। आयोजन समिति एवं जगदेव विचार मंच के कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दे रहे हैं। कार्यक्रम स्थल पर हेलीकॉप्टर लैंडिंग की व्यवस्था की जा रही है। विशाल पंडाल, हैंगर, भव्य मंच तथा हजारों लोगों के बैठने की व्यापक व्यवस्था को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिला प्रशासन की निगरानी में सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर लगातार तैयारियां चल रही हैं। आयोजन समिति द्वारा विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है।भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष संजय मेहता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि औरंगाबाद जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में शहीद जगदेव प्रसाद के अनुयायियों एवं समाज के लोगों के बीच लगातार संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। देर रात तक गांव-गांव जाकर लोगों को कार्यक्रम का निमंत्रण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समारोह में लाखों लोगों के पहुंचने की संभावना है तथा लोग बड़ी संख्या में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को सुनने और उनसे रूबरू होने के लिए उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों के बीच यह आयोजन सामाजिक एवं राजनीतिक दृष्टि से भी काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बड़ी संख्या में लोग वलीगांव पहुंचकर शहीद जगदेव प्रसाद को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। रफीगंज विधायक प्रमोद सिंह ने कहा कि शहीद जगदेव प्रसाद समाज के प्रेरणास्त्रोत रहे हैं। उनकी प्रतिमा का अनावरण तथा मुख्यमंत्री का आगमन पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने विश्वास जताया कि कार्यक्रम में भारी संख्या में लोगों की भागीदारी होगी और यह आयोजन सामाजिक एकता एवं जनभागीदारी का नया संदेश देगा। जगदेव विचार मंच के कोषाध्यक्ष धनंजय कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के आगमन से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा वलीगांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं उच्च विद्यालय की स्थापना की घोषणा किए जाने की उम्मीद है। साथ ही क्षेत्र की अन्य विकास योजनाओं की घोषणा एवं शिलान्यास भी प्रस्तावित है। आयोजन समिति के अध्यक्ष राम प्रसाद मेहता, सुरेश प्रसाद, सचिव अमरजीत प्रसाद, वंशराज प्रसाद, धीरेंद्र कुमार, नागेंद्र कुमार, संजय कुमार, उपेंद्र कुमार, एसके कुमार सहित अन्य सदस्य कार्यक्रम की तैयारियों में दिन-रात जुटे हुए हैं। आयोजकों के अनुसार औरंगाबाद जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के अलावा आसपास के जिलों से भी बड़ी संख्या में लोगों के कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना है, जिससे पूरे क्षेत्र में राजनीतिक और सामाजिक गतिविधियां तेज हो गई हैं।



## सहयोग शिविर के आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण निष्पादन पर जोर



लोकतन्त्र की आवाज

● शिकायतकर्ताओं से फीडबैक लेने का निर्देश

**केदार नाथ पाण्डेय।**
**भागलपुर।** भागलपुर, जिला पदाधिकारी ने सहयोग शिविर के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक आवेदन का गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि केवल समय पर आवेदन का निपटारा करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि शिकायतकर्ता की समस्या का प्रभावी समाधान भी होना चाहिए। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि आवेदन के निष्पादन के बाद संबंधित शिकायतकर्ता से कम-से-कम एक बार संपर्क कर उनसे फीडबैक अवश्य प्राप्त किया जाए। साथ ही शिकायत निवारण के संबंध में उपलब्ध स्टार रेटिंग/फीडबैक की व्यवस्था का अधिकतम उपयोग करते हुए शिकायतकर्ताओं की संतुष्टि सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर लंबित मामलों का निष्पादन करने का निर्देश दिया। जिन विभागों अथवा पदाधिकारियों के मामलों में कम स्टार रेटिंग अथवा असंतोषजनक फीडबैक प्राप्त हुआ है, उनके संबंध में वरीय पदाधिकारियों को विशेष निगरानी रखते हुए गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सहयोग शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान उपलब्ध कराना है। इसलिए सभी संबंधित अधिकारी शिकायतों के निष्पादन में संवेदनशीलता, जवाबदेही एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें।

## ड्राप आउट बच्चियों को विद्यालय आने के लिए किया गया प्रेरित



लोकतंत्र की आवाज

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**
**पकरीबरावा।** पकरीबरावा प्रखंड स्थित गांव भगवानपुर में बाल विकास परियोजना के तहत एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता बाल विकास परियोजना पदाधिकारी नेहा कुमारी ने कहा की बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास निगम के मिशन शक्ति के तहत कराया गया। कार्यक्रम में ड्राप आउट बच्चियों को स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे कन्या सुरक्षा योजना, पोशाक योजना, छात्रवृति योजना से अवगत करवाया गया। लोगों को अपने बच्चियों को स्कूल भेजने एवं बाल विवाह संबंधित कानून के बारे में बताया गया। इस अवसर पर महिला पर्यवेक्षिका, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका आदि उपस्थित थे।

## सदर अस्पताल में पत्रकार से कथित दुर्व्यवहार पर कार्रवाई की मांग, भाकपा माले ने दी आंदोलन की चेतावनी

लोकतंत्र की आवाज

**रामजी कुमार।**
**समस्तीपुर।** सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक द्वारा एक पत्रकार के साथ कथित दुर्व्यवहार का मामला सामने आया है। घटना को लेकर भाकपा (माले) के जिला स्थायी समिति सदस्य सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने जिला प्रशासन और सिविल सर्जन से निष्पक्ष जांच कर संबंधित चिकित्सक डॉ. पी. डी. शर्मा को निलंबित करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो जनहित में आंदोलन शुरू किया जाएगा। जारी बयान के अनुसार, रविवार रात करीब आठ बजे इमरजेंसी में ड्यूटी के दौरान चिकित्सक के अनुपस्थित रहने की शिकायत मरीजों और उनके परिजनों ने पत्रकार श्रवण कुमार से की। बताया गया कि पत्रकार ने इमरजेंसी कक्ष का वीडियो बनाया। इसी बीच चिकित्सक के अस्पताल पहुंचने पर पत्रकार ने उनसे ड्यूटी के दौरान अनुपस्थिति को लेकर सवाल किया। आरोप है कि चिकित्सक ने पत्रकार के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए उन्हें इमरजेंसी कक्ष से बाहर धकेल दिया। सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने इस घटना को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष पत्रकारिता पर हमला बताते हुए कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि संबंधित चिकित्सक पर पूर्व में भी मरीजों को निजी अस्पतालों की ओर भेजने तथा निजी अस्पतालों में सेवाएं देने जैसे आरोप लगते रहे हैं। उनका दावा है कि इन आरोपों के समर्थन में उनके पास साक्ष्य और गवाह मौजूद हैं। हालांकि, इन आरोपों पर संबंधित चिकित्सक या स्वास्थ्य विभाग की ओर से समाचार लिखे जाने तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। मामले की पुष्टि प्रशासनिक जांच के बाद ही हो सकेगी।



## धनरूआ अंचल कार्यालय में सोमवार को निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने बड़ी कार्रवाई , अंचल क्लार्क शैलेश कुमार को 50 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया

लोक तंत्र कि आबाज



**रिपोर्ट धनंजय कुमार कि**
धनरुआ अचल में आज कार्रवाई के बाद अंचल कार्यालय में हड़कंप मच गया और लोगों की भारी भीड़ जुट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक परिवादी ने निगरानी विभाग से शिकायत की थी कि भूमि से संबंधित कार्य करने के एवज में अंचल क्लार्क शैलेश कुमार द्वारा 50 हजार रुपये रिश्वत की मांग की जा रही है। शिकायत का सत्यापन करने के बाद निगरानी की टीम ने जाल बिछाया। तय योजना के अनुसार जैसे ही परिवादी ने क्लार्क को 50 हजार रुपये दिए, पहले से मौजूद निगरानी टीम ने उन्हें रंगे हाथ पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद निगरानी की टीम आरोपी को अपने साथ पूछताछ के लिए ले गई। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई के दौरान अंचल कार्यालय में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और काफी देर तक लोगों के बीच घटना चर्चा का विषय बनी रही। निगरानी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि भ्रष्टाचार के मामलों में शिकायत मिलने पर त्वरित कार्रवाई की जाती है और दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने आम लोगों से भी अपील की कि यदि कोई सरकारी कर्मचारी किसी कार्य के बदले रिश्वत की मांग करता है, तो इसकी सूचना निगरानी विभाग को दें ताकि भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। धनरूआ में हुई इस कार्रवाई को भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी सफलता माना जा रहा है। स्थानीय लोगों ने भी निगरानी विभाग की कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि इससे सरकारी कार्यालयों में पारदर्शिता बढ़ेगी और रिश्वतखोरी पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी।

## आज धनरुआ प्रखण्ड मुख्यालय पर भाकपा माले के जनसंघठन खेग्रामस के बैनर तले घेराव किया गया





लोक तंत्र कि आबाज

**रिपोर्ट धनंजय कुमार कि**
आज धनरुआ प्रखंड अंचल में भाकपा माले की बैनर तले धनरुआ आंचल कि घेराव किया गया जनसंघठन की, यह लड़ाई आपके हक अधिकार की लड़ाई है रोजी रोटी की लड़ाई है, वृद्धा विधवा विकलांग पेशन की लड़ाई है, गरीब भुमिन की राशन कटौती के खिलाफ लड़ाई है, ग्रामीण क्षेत्र मे हर घर पर 1200 टैक्स बसुली करने के खिलाफ लड़ाई है, वास-आवास पर बुलडोजर राज के खिलाफ लड़ाई है, सरकार के गलत नीतियों के खिलाफ लड़ाई है छात्र नौजवान मजदूर किसान महिलाओ से अपील है की अपने हक अधिकार की लड़ाई को बुलंद करने के लिए आज धनरुआ प्रखण्ड मुख्यालय पर तानाशाह सरकार के खिलाफ घेराव किया और सरकार कि चेतावनी दी।

## शुभम एवं नेहा कुमारी की मेहनत, अनुशासन, समर्पण एवं असाधारण प्रतिभा लाखों युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं: राजू वर्णवाल

लोकतंत्र की आवाज

**गयाजी।**स्वराजपुरी रोड स्थित श्री मोहनलाल जीरादेई बरनवाल सेवा सदन में अहिबरन मेघा सम्मान 2026 का आयोजन किया गया है इस समारोह में बिहार बरनवाल महासभा अध्यक्ष राजु वर्णवाल शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि जेईई एडवांस्ड 2026 में ऑल इंडिया रैंक-1 प्राप्त कर शुभम ने पूरे देश में एवं 70वीं बीपीएससी में चयनित होकर नेहा कुमारी ने बिहार का नाम रोशन किया है। शुभम एवं नेहा कुमारी की अथक मेहनत, अनुशासन, समर्पण और असाधारण प्रतिभा लाखों युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक उपलब्धि उनके जीवन में नई ऊंचाइयों का आधार बनेगी। जेईई एडवांस्ड एवं बीपीएससी जैसी कठिन परीक्षाओं में शीर्ष स्थान हासिल कर शुभम कुमार एवं नेहा कुमारी ने यह साबित कर दिया है कि लगन, मेहनत और सही दिशा में किए गए प्रयास किसी भी लक्ष्य को हासिल करने की ताकत रखते हैं।

उनकी सफलता बिहार के शैक्षणिक परिदृश्य के लिए भी गर्व का विषय है। इसके साथ में सभी बरनवाल परिवारों के द्वारा राजू बरनवाल जी को प्रशस्ति पत्र देने का शुभ कार्य किया गया है।



## सिरदला पीएचसी में निःशुल्क नेत्र जांच सेवा की हुई शुरुआत

लोकतंत्र की आवाज

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**
**सिरदला (नवादा)।** लंबे समय के बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) सिरदला में निःशुल्क नेत्र जांच सेवा की शुरुआत कर दी गई है। इस सुविधा के शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को अब आंखों से संबंधित बीमारियों की जांच और प्रारंभिक उपचार के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजीव कुमार ने बताया कि आंखों में धुंधला दिखाई देना, जलन, दर्द, लालिमा या अन्य किसी प्रकार की समस्या होने पर मरीज पीएचसी पहुंचकर निःशुल्क जांच करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि समय पर जांच कराने से आंखों की कई गंभीर बीमारियों का पता लगाकर उनका उपचार संभव है। पीएचसी में पदस्थापित नेत्र सहायक कंचन भारती ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम छह माह में एक बार अपनी आंखों की नियमित जांच अवश्य करानी चाहिए। उन्होंने कहा कि नियमित जांच से दृष्टि संबंधी समस्याओं का समय रहते पता चल जाता है और उचित इलाज मिलने से आंखों की रोशनी सुरक्षित रखी जा सकती है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से इस निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।




## संक्षिप्त खबरें ।

### बरकट्ठा में मना राष्ट्रीय जनता दल का 30 वां स्थापना दिवस



लोकतन्त्र की आवाज
ब्यूरो चीफ हजारीबाग (झारखंड)। हजारीबाग जिले के बरकट्ठा प्रखंड मे राष्ट्रीय जनता दल का 30 वाँ स्थापना दिवस 05 जुलाई 2026 को मनाया गया जिसमे राजद के वरिष्ठ नेता असमत अली के नेतृत्व सैकडों कि संख्या मिलकर बडे ही धूमधाम से मनाया गया. इस अवसर पर राजद के प्रदेश सचिव रमेशचंद्र यादव मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित हुए. वरिष्ठ नेताओ ने कहा संविधान, सामाजिक न्याय, समानता और धर्म निरपेक्षता में आस्था और विश्वास रखने वाले तमाम समर्पित राजद कार्यकर्त्ता पार्टि के नीतियों पर चलकर गरिब , मुजलिम, वर्गो कि लड़ाई को आगे बढाकर पार्टि को मजबूत करेगें । इसलिए सभी साथियों ने मिलकर स्थापना दिवस के उत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाया।

### कतरास के पूर्व वियाडा अध्यक्ष विजय झा सहित डॉक्टर शिवानी झा ने सुल्तानगंज और देवघर भगवान शिव की पूजा अर्चना किये



लोकतंत्र की आवाज़
धनबाद कतरास
ब्योरो चीफ , पप्पु गुप्ता। कतरास के पूर्व वियाडा अध्यक्ष विजय झा सहित डॉक्टर शिवानी झा ने सुल्तानगंज और देवघर पहुँच कर भगवान शिव की किया पूजा अर्चना। भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर प्रदेश वासियो के लिये के सुख – शांति और समृद्धि का किया मंगलकामना।

### झारखंड राज्य के मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की मंगलवार को हजारीबाग आऐंगी



लोकतंत्र की आवाज
हजारीबाग। झारखंड राज्य के कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के माननीय मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की दिनांक :07/07/2026 दिन मंगलवार को हजारीबाग आऐंगी । पूर्वाह्न 10 .30 बजे हजारीबाग परिसदन में पार्टी के पदाधिकारियों के मुलाकात करेंगी वहीं पूर्वाह्न 11 .00 बजे विनोभा भावे विश्वविद्यालय के सभागार में सहकारिता प्रभाग द्वारा आयोजित प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेंगी । उक्त कार्यक्रम की जानकारी कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष निसार खान ने दी ।

### चरही बाजार टांड़ में जलजमाव की समस्या दूर करने के लिए सांसद मनीष जायसवाल ने एनएचएआई को लिखा पत्र

लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने चरही बाजार टांड़ में लंबे समय से बनी जलजमाव की समस्या को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के परियोजना निदेशक को पत्र लिखकर शीघ्र स्थायी समाधान की मांग की है। सांसद श्री जायसवाल ने अपने पत्र में बताया है कि चरही प्रखंड के चरही बाजार टांड़ स्थित जगदम्बा कॉम्प्लेक्स (बैंक ऑफ महाराष्ट्र एवं एक्सिस बैंक के सामने) सर्विस रोड के किनारे जलजमाव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। इसके कारण स्थानीय ग्रामीणों, व्यवसायियों एवं राहगीरों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने उल्लेख किया कि इस समस्या के संबंध में पूर्व में भी कई बार एनएचएआई को लिखित रूप से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। सांसद मनीष जायसवाल ने जनहित को ध्यान में रखते हुए चरही बाजार टांड़ से जल निकासी की समुचित व्यवस्था के लिए पक्की नाली का निर्माण जल्द कराने का अनुरोध किया है। सांसद ने कहा कि क्षेत्र की जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है और जनहित से जुड़े मामलों में वे लगातार संबंधित विभागों से समन्वय कर समस्याओं के समाधान का प्रयास कर रहे हैं।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र की एकता, अखंडता, सांस्कृतिक अस्मिता और राष्ट्रीय स्वाभिमान के लिए समर्पित रहा : डॉक्टर रविंद्र राय

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक एवं महान शिक्षाविद् श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जयंती के अवसर पर हजारीबाग स्थित विधायक जनसेवा कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर मुख्य अतिथि भाजपा झारखंड के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद आदरणीय डॉ. रवीन्द्र कुमार राय की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके राष्ट्र निर्माण में दिए गए अमूल्य योगदान का स्मरण किया।

इस अवसर पर डॉ. रवीन्द्र कुमार राय ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र की एकता, अखंडता, सांस्कृतिक अस्मिता और राष्ट्रीय स्वाभिमान के लिए समर्पित रहा। उनका दूरदर्शी नेतृत्व, राष्ट्रवादी चिंतन एवं त्यागपूर्ण जीवन आज भी प्रत्येक राष्ट्रभक्त के लिए प्रेरणास्त्रोत है तथा 'विकसित भारत' के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान करता है। विधायक प्रदीप प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार केवल इतिहास का हिस्सा नहीं हैं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के भारत के निर्माण की सुदृढ़ आधारशिला हैं। उनके आदर्श, राष्ट्र प्रथम की भावना और त्यागमय जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी के आदर्शों का अनुसरण करते हुए राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का संकल्प ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

वंदे मातरम और राष्ट्रगान के गायन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, जिला उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक कुणाल किशोर, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक यादव, जिला महामंत्री जय नारायण कुशवाहा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य संवरमल



अग्रवाल, हरीश श्रीवास्तव, उदयभान नारायण सिंह, जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र सिंह, सुमन कुमार पप्पू, भाजपा नेत्री शैफाली गुप्ता, महावीर सिहं, रितलाल यादव,विवेक बैरियर, जिला मंत्री अजीत बख्शी, महिला जिला अध्यक्ष मनोरमा राणा, उपाध्यक्ष रेणुका साहू, मंडल अध्यक्ष प्रकाश कुशवाहा, कुलदीप कृष्णा, अजीत कुशवाहा , सभी मोर्चों के जिला अध्यक्ष, वरिष्ठ पदाधिकारी, विधायक प्रतिनिधि रामकुमार मेहता, सुमन राय, अशोक राणा, विनोद सिहं चौधरी साहू, दिलीप साहू, पंडल गोप, मनोज श्रीवस्तव, बलराम शर्मा, श्री प्रकाश झा, राजेश यादव, राजेश गुप्ता, मुखिया नारायण साव, ऋषि शर्मा, फुलवा कच्छप, गुडिया देवी, सुनीता गुप्ता सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# धनबाद पहुंचे आईजी शैलेंद्र सिन्हा का एसपी ने किया स्वागत, संगठित अपराधियों पर सख्ती के दिए निर्देश



**लोकतंत्र की आवाज़**
**धनबाद कतरास**
**ब्योरो चीफ, पप्पु गुप्ता ।** बोकारो प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) शैलेंद्र कुमार सिन्हा सोमवार को धनबाद पहुंचे। समाहरणालय में उन्होंने जिले के वरीय पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर संगठित अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने, बेहतर पुलिसिंग सुनिश्चित करने और कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने के निर्देश दिए। बैठक से पहले एसएसपी प्रभात कुमार ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।

समीक्षा बैठक में एसएसपी, सिटी एसपी, ग्रामीण एसपी सहित जिले के अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। आईजी ने अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों की प्रगति, फरार अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई और जिले की समग्र सुरक्षा व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि संगठित अपराध से जुड़े गिरोहों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जाए और उनके पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने की दिशा में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।


बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में आईजी शैलेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि धनबाद में कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी आपराधिक गतिविधि को सफल नहीं होने दिया जाएगा और अपराधियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

फरार अपराधी प्रिंस खान द्वारा सांसद ढुल्लू महतो और निरसा विधायक अरूप चटर्जी को मिली कथित धमकी के संबंध में पूछे गए सवाल पर आईजी ने कहा कि प्रिंस खान के खिलाफ पहले भी कार्रवाई की गई है और उसके विरुद्ध कानूनी प्रक्रिया लगातार जारी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पुलिस हर चुनौती से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है और जिले में शांति, सुरक्षा तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर स्तर पर प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।

# गिरिडीह ,विद्युत विभाग की मनमानी से त्रस्त गिरिडीह निगम की जनता

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ गिरिडीह झारखंड (2026.07.06)।** परम स्वतंत्र ना सर पर कोई रामचरितमानस के बालकांड से उद्धित चौपाई का यह छोटा सा अंश है यहां गिरिडीह विद्युत विभाग की कार्य प्रणाली ऐसी ही है मानो यह विभाग सर्वे सर्वा है ना इसके आगे कोई है ना इसके पीछे कोई इधर कुछ महीने से तो ऐसा ही देखने में आ रहा है इस विभाग के पदाधिकारी हो या कर्मचारी उनकी गलतियों का खमीयाजा आज भुगतने को विवश है गिरिडीह नगर निगम की जनता किसी व्यक्ति का बिजली बिल दिनांक 4.11.2025को ₹4200 था इस राशि का उसने भुगतान कर दिया पर देखिए आश्चर्य की इस व्यक्ति को 18.04 .2026 को पुनः प्राप्त हुए बिजली बिल की राशि ₹3,87,709/- है ।मात्र साढे पांच महीने में इतनी बड़ी राशि गरीब साधारण जनता के लिए



तो यह बहुत बड़ी राशि है जिसका जीवन हैंड टू माउथ है कमाना और खाना है और तो और सुधार हेतु दिया गया आवेदन भी लगभग 30 दिन पुराना हो जाएगा यानी किसी प्रकार का कोई सुधार फिलहाल नहीं समझा जा सकता है सूत्रों की माने तो इस विभाग में अतिरिक्त रुपए देने के बावजूद भी यह लोग सही तरीके से काम नहीं करते हैं यदि करते हैं तो मानो जैसे कोई बहुत बड़ा आप पर एहसान कर रहे हो।

# धनबाद झरिया में धूमधाम से मनी रामविलास पासवान की 80वीं जयंती, भारत रत्न देने की उठी मांग

लोकतंत्र की आवाज़

**धनबाद कतरास**
**ब्योरो चीफ , पप्पु गुप्ता।** झरिया प्रेस क्लब सभागार में सोमवार को लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) धनबाद महानगर और दलित सेना के संयुक्त तत्वावधान में पार्टी के संस्थापक एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान की 80वीं जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लोजपा (रामविलास) धनबाद महानगर के पूर्व जिलाध्यक्ष रामानंदन पासवान ने की।

समारोह में झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष मुंद्रिका पासवान, एससी-एसटी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार, लेबर सेल के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश पासवान, प्रदेश सचिव बिहारी लाल चौहान, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश



प्रधान महासचिव पुष्पा मेहता तथा लेबर सेल के प्रदेश सचिव सीताराम चौहान सहित कई पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रामानंदन पासवान ने रामविलास पासवान को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए केंद्र सरकार से उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न देने की मांग की। साथ ही उन्होंने हाजीपुर रेलवे स्टेशन एवं रेलवे जोनल कार्यालय का नामकरण रामविलास पासवान के नाम पर करने की भी मांग उठाई।

उन्होंने कहा कि रामविलास पासवान का जीवन सामाजिक न्याय, दलित-शोषित और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित रहा। उनके प्रसिद्ध कथन, "मैं उस घर में दिया जलाने चला हूं, जिस घर में सदियों से अंधेरा है," को याद करते हुए उन्होंने

■ **लोजपा (रामविलास) के नेताओं ने जननायक को दी श्रद्धांजलि, हाजीपुर रेलवे स्टेशन और जोनल कार्यालय का नामकरण रामविलास पासवान के नाम पर करने की भी मांग**

कहा कि उनके विचार आज भी समाज को प्रेरित करते हैं।

कार्यक्रम में शंकर पासवान, संजय चौहान, दशरथ पासवान, राजेश रंजन उर्फ पप्पू सिंह, मुन्ना पासवान, रंजय सिंह, उमेश पासवान, हरेराम पासवान, आदित्य पासवान, सौरभ कुमार पासवान, गीता देवी, विजय पासवान, त्रिभुवन चौधरी, अरुण पासवान, भगवान दास शर्मा, मिथिलेश पासवान, मथुरा पासवान, अरविंद चौहान, वाल्मीकि पासवान, गणेश पासवान सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

# सांसद सेवा कार्यालय में याद किए गए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी इनके के पदचिह्नों पर चलने का सभी ने लिया संकल्प

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)।** अखिल भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की 125 वीं जयंती के अवसर पर सोमवार को सांसद सेवा कार्यालय, हजारीबाग के सभागार में जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में विशेष रूप से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल शामिल हुए।

उन्होंने पार्टी के मार्गदर्शक और आदर्श डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और नमन किया। इसके बाद वहां उपस्थित सैकड़ों कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने बारी-बारी से श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके पदचिह्नों पर चलने का सामूहिक



संकल्प लिया।

मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्र की एकता, अखंडता और जन-कल्याण के लिए समर्पित था। उन्होंने एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान के खिलाफ जो ऐतिहासिक लड़ाई शुरू की थी, उसे आज धरातल पर उतारा जा चुका है। उनके उसी महान राष्ट्रभक्ति के सपने को वर्तमान समय में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी दूरदर्शी और जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से पूरी तरह साकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियां समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान को समर्पित हैं, जो डॉ. मुखर्जी के अंत्योदय के

■ **तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और नमन किया**

विचार का ही जीवंत रूप है।

मौके पर विशेषरूप से सांसद प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, किशोरी राणा, पूनम साव, भगवान केशरी, अजय मेहता, अनूप कुमार, सुमन गिरी, भाजयुमो जिला अध्यक्ष राजकरण पांडेय, विक्रमादित्य, राजेंद्र पासवान, पीयूष राणा, कपिलदेव सिंह, परमानंद तिवारी, मुकेश साव, सुनील सिंह, नौसाद अलम, नजरुल अंसारी, आफताब आलम, ललिता देवी, सबिता देवी, निर्मल कुमार, सोनू यादव, अमित कुमार, रामानंद गिरी, सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, रूपम ओझा, राजेश राणा सहित कई स्थानीय भाजपा नेता, कार्यकर्ता और प्रबुद्ध जन भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# धनबाद स्टेशन पर RPF का ऑपरेशन 'सतर्क' सफल, 12 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज़

**धनबाद कतरास**
**ब्योरो चीफ ,पप्पु गुप्ता।** पूर्व मध्य रेल के हाजीपुर मंडल अंतर्गत धनबाद रेल मंडल में रेलवे सुरक्षा बल (RPF) ने ऑपरेशन 'सतर्क' के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शराब तस्कर को 12 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

यह कार्रवाई धनबाद स्टेशन पर CCTV निगरानी और स्पेशल टास्क टीम की सतर्कता के चलते संभव हो सकी। वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक द्वारा गठित स्पेशल टास्क टीम 5-6 जुलाई 2026 की रात धनबाद स्टेशन पर गश्त और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रख रही थी। इसी दौरान CCTV मॉनिटरिंग कर रहे जवान ने प्लेटफॉर्म संख्या-2 पर



एक संदिग्ध व्यक्ति की सूचना दी, जिसके पास एक काला पिट्ठू बैग और एक हैंड बैग था।

सूचना मिलते ही टीम ने रात 11:18 बजे प्लेटफॉर्म संख्या-2 पर कालका छोर स्थित फुटओवर ब्रिज के पास संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपनी पहचान वैभव कुमार (35 वर्ष), निवासी सोनहू, जिला जमुई (बिहार) के रूप में बताई। तलाशी के दौरान उसके बैग से कुल 16 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद हुई, जिसमें 10 बोतल रॉयल स्टैग सुपीरियर व्हिस्की और 6 बोतल ब्लेंडर्स प्राइड अल्ट्रा प्रीमियम व्हिस्की शामिल थीं। बरामद शराब की कुल मात्रा 12,000

■ **CCTV की 'तीसरी आंख' बनी तस्कर की दुश्मन, गंगा-दामोदर एक्सप्रेस से बिहार ले जाई जा रही शराब बरामद**

मिलीलीटर तथा अनुमानित कीमत 14,120 रुपये आंकी गई। सभी बोतलों पर "For Sale in West Bengal" अंकित था।

पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह पश्चिम बंगाल के बराकर से शराब खरीदकर बिहार में अधिक कीमत पर बेचने के उद्देश्य से गंगा-दामोदर एक्सप्रेस से पटना जा रहा था। RPF ने आरोपी को विधिसम्मत प्रक्रिया का पालन करते हुए गिरफ्तार किया, उसके परिजनों को गिरफ्तारी की सूचना दी तथा जब्त शराब के साथ आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग को सुपुर्द कर दिया।

# धनबाद बाघमारा महेशपुर पेट्रोल पंप पर बैटरी चोरी करते युवक रंगेहाथ धराया, लोगों ने रस्सी से बांधकर पुलिस को सौंपा

लोकतंत्र की आवाज़

**धनबाद कतरास**
**ब्योरो चीफ, पप्पु गुप्ता ।** महेशपुर में पेट्रोल पंप के पास खड़े ट्रक से बैटरी चोरी करते एक युवक को बुधवार को लोगों ने रंगेहाथ पकड़ लिया। ट्रक मालिक की सतर्कता और स्थानीय लोगों की मदद से आरोपी को मौके पर ही दबोच लिया गया।

**क्या हुआ था? :** जानकारी के अनुसार महेशपुर पेट्रोल पंप के पास एक ट्रक खड़ा था। इसी दौरान एक युवक ट्रक की बैटरी निकालकर भागने की कोशिश कर रहा था। ट्रक मालिक ने देख लिया और शोर मचाया। शोर सुनकर आसपास के लोग जुट गए और आरोपी को पकड़कर रस्सी से बांध दिया। इसके बाद सूचना पर मधुबन थाना पुलिस_ मौके पर पहुंची और आरोपी को अपने साथ ले गई।



फिलहाल पुलिस हिरासत में आरोपी से पूछताछ जारी है।

**लोगों ने मांगी गश्त बढ़ाने की मांग :** स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में पिछले कुछ दिनों से बैटरी, डीजल और सामान चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। घटना से नाराज लोगों ने पुलिस से रात में गश्त बढ़ाने और पेट्रोल पंप व ट्रक स्टैंड के आसपास सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग की है। ट्रक मालिकों की एक ही परेशानी, रात में गाड़ी खड़ी करो तो बैटरी-डीजल गायब। महेशपुर, बाघमारा, राजगंज में ये गिरोह सक्रिय है। अच्छा हुआ कि इस बार लोग जागरूक थे और चोर पकड़ा गया। पुलिस से उम्मीद है कि कड़ी पूछताछ कर बाकी साथियों तक भी पहुंचेगी। ट्रक मालिकों से अपील है रात में गाड़ी लॉक करके खड़ी करें। सतर्क रहेंगे तो चोरी रुकेगी।

# सिलवार कला से सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान का 72 वां जत्था हुआ रवाना

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)।** हजारीबाग सांसद के द्वारा लोकसभा क्षेत्र के बुजुर्गों के सम्मान में संचालित सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान एक साल का पड़ाव पार चुका है। इस दौरान 71 जत्थे में अबतक कुल पाँच हजार लोग सफल तीर्थाटन कर लौट चुके हैं। इस अभियान का 72 वां जत्था हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के सदर प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सिलवार कला से सोमवार की शाम को रवाना हुआ ।

इस 72 वें जत्थे को तीर्थाटन के लिए खुद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल और हजारीबाग जिले के भाजपा जिला संगठन प्रभारी, भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह सिमरिया के पूर्व विधायक किसुन दास, बड़ा अखाड़ा के महंत विजयानंद दास सहित अन्य गणमान्य लोगों ने तीर्थ यात्रियों का





पाँव पखारकर और उनपर पुष्प वर्षा करके उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध चार धाम के यात्रा के लिए रवाना किया। इस दौरान गांव का माहौल बड़ा ही भक्तिमय हो गया और लोगों ने एकजुट होकर सभी 65 तीर्थ यात्रियों के विदाई के वक्त खूब भगवत जयकारे लगाए और सांसद मनीष जायसवाल के इस पहल की तालियां बजाकर खूब सराहना की ।

मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने बताया कि इस तीर्थाटन का मकसद राजनीति नहीं बल्कि अपने संस्कृति और अध्यात्म को बढ़ावा देना है। उन्होंने यात्रा के आगाज से लेकर अबतक की यात्रा का विस्तृत बखान करते हुए चारों धामों के यात्रा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। हजारीबाग जिले के भाजपा संगठन प्रभारी सह एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किसुन दास ने सांसद मनीष जायसवाल के इस प्रयास को धार्मिक एवं सांस्कृतिक दृष्टिकोण से विराट बताते हुए उनकी प्रशंसा की और यात्रियों के सुखद यात्रा की कामना की। बड़ा अखाड़ा के महंत विजयानंद दास ने कहा कि संस्कृति बचेगी तभी धर्म बचेगा और संस्कृति को बचाने के लिए आपसी एकता एवं सामाजिक समरसता बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि सांसद मनीष जायसवाल इस तीर्थाटन अभियान से क्षेत्र में लोगों के बीच सामाजिक समरसता का भाव भी जागृत कर रहें हैं जो वर्तमान समय के लिए बहुत ही जरूरी है।

तीर्थ यात्रा को रवाना करने के उपरांत सिलवार स्थित जगन्नाथ धाम परिसर में चले रहें महायज्ञ के नगर भ्रमण कार्यक्रम में सांसद मनीष जायसवाल और भाजपा जिला संगठन प्रभारी किसुन दास सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए । मौके पर विशेषरूप से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, जिला सांसद प्रतिनिधि अजय साहू, सांसद प्रतिनिधि द्वारिका सिंह उर्फ खोखा सिंह, कृष्णा मेहता, लब्बू गुप्ता, स्थानीय भाजपा मंडल अध्यक्ष अजीत कुमार, विधायक प्रतिनिधि कौलेश्वर रजक, भाजपा एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष महेंद्र राम बिहारी, राजकुमार यादव, स्थानीय मुखिया रुक्मिणी देवी, लखन साव, महेश प्रसाद, इंद्र साव, सुरेश यादव, तिलक यादव, कैलाश यादव, रघुनाथ यादव, सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, अमन कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

## संक्षिप्त खबरें ।

### चार माह से वेतन नहीं मिलने से नियोजित शिक्षकों की बढ़ी परेशानी, मकान मालिक ने कहा इस महीने किराया नहीं तो मकान करें खाली



**कैमूर** जिले के मोहनिया प्रखंड के राजकीयकृत मध्य विद्यालय, भरखर के नियोजित शिक्षकों ने चार माह से वेतन भुगतान नहीं होने पर नाराजगी जताई है। सोमवार सुबह करीब 11 बजे शिक्षकों ने बताया कि मार्च माह से उनका वेतन बकाया है, जिससे परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो गया है। शिक्षक अमिताभ पंकज, महेंद्र कुमार गुप्ता तथा शिक्षिका कुमारी सुशीला आर्या ने कहा कि वे लोग अन्य शिक्षकों की तरह ही नियमित रूप से विद्यालय में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं, लेकिन वेतन भुगतान में लगातार हो रही देरी से आर्थिक संकट गहरा गया है। शिक्षकों ने बताया कि दूध, राशन, बच्चों की स्कूल फीस, मकान का किराया सहित दैनिक खर्चों का भुगतान करना कठिन हो गया है। मजबूरी में रिश्तेदारों से कर्ज लेकर परिवार का खर्च चलाना पड़ रहा है। मकान मालिक भी समय पर किराया नहीं मिलने पर मकान खाली करने की चेतावनी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनका वेतन गरेपरमेंट ऑफ बिहार मद से आवंटित होता है, लेकिन चार माह बीत जाने के बावजूद भुगतान नहीं हुआ है। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों से भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा है। शिक्षकों ने सरकार से अविलंब बकाया वेतन का भुगतान कराने की मांग की है, ताकि उन्हें आर्थिक परेशानियों से राहत मिल सके। इस संबंध में कैमूर के जिला शिक्षा पदाधिकारी से फोन पर संपर्क किया गया तो उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया जिससे इस संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल सकी।

### दो भाइयों के आपसी विवाद में मारपीट, बड़ा भाई गिरफ्तार; मेडिकल जांच के बाद न्यायालय भेजा गया




**मोहनिया।** थाना क्षेत्र के मामादेव गांव में दो भाइयों के बीच हुए आपसी विवाद में मारपीट के मामले में पुलिस ने आरोपी बड़े भाई को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मामादेव गांव निवासी लल्लन ठाकुर के पुत्र सोनू कुमार ठाकुर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी का मेडिकल जांच कराने के बाद उसे न्यायालय भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 4 जुलाई को आरोपी के छोटे भाई ने मोहनिया थाना में आवेदन देकर आरोप लगाया था कि किसी बात को लेकर उसके बड़े भाई ने उसके साथ मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजन घायल युवक को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल, मोहनिया लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार किया। पीड़ित के आवेदन के आधार पर मोहनिया थाना में दो लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और छापेमारी कर मुख्य आरोपी सोनू कुमार ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में मोहनिया थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने सोमवार दोपहर बताया कि मारपीट के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी का मेडिकल जांच कराने के बाद उसे न्यायालय भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि मामले में आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

# पी.एम. श्री +2 उच्च विद्यालय रामगढ़ में ढउउ कैडेट्स को मिले सर्टिफिकेट, वॉलीबॉल और रस्साकसी में मारी बाजी

लोकतंत्र की आवाज



**रामगढ़।** सोमवार को पी.एम. श्री +2 उच्च विद्यालय रामगढ़ के प्रांगण में नेशनल कैडेट कोर कैंप के सर्टिफिकेट वितरण समारोह का गरिमापूर्ण आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य पवन कुमार की अध्यक्षता तथा डॉ. श्रीकृष्ण सिंह के कुशल संचालन में कैडेट्स को प्रमाण पत्र सौंपे गए।

**'एकता और अनुशासन' के साथ खेलों में भी लहराया परचमः** यह एनसीसी कैंप बीते 05 जून 2026 से 14 जून 2026 तक पैराडाइज चिल्ड्रन एकेडमी, लालापुर (कुदरा) में आयोजित किया गया था। 10 दिनों तक चले इस शिविर में कैडेट्स को एनसीसी के मूल मंत्र 'यूनिटी एंड डिसीप्लीन' (एकता और अनुशासन) का न सिर्फ पाठ पढ़ाया गया, बल्कि उनके सर्वांगीण विकास के लिए पेंटिंग, खेल-कूद और कई अन्य रचनात्मक गतिविधियां भी कराई गईं। कैंप के दौरान आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में पी.एम. श्री +2 उच्च विद्यालय रामगढ़ के कैडेट्स ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय की टीम ने वॉलीबॉल और रस्साकसी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल दिखाते हुए प्रथम स्थान हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया।

**विद्यालय परिवार ने जताया गर्वः** कैडेट्स की इस शानदार और ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रधानाचार्य पवन कुमार और एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर (अठड) कौशल कुमार सिंह ने बच्चों की पीठ थपथपाई। प्रधानाचार्य ने कहा कि हमारे कैडेट्स ने अनुशासन और खेल दोनों ही क्षेत्रों में विद्यालय का मान बढ़ाया है, जिससे पूरा विद्यालय परिवार खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

**समारोह में उपस्थित गणमान्य शिक्षक व स्टाफः** समारोह के दौरान स्कूल के कैडेट्स और बच्चों का उत्साहवर्धन करने के लिए विद्यालय परिवार के तमाम सदस्य मौजूद रहे, जिनमें मुख्य रूप सेः शिक्षक एवं शिक्षिकाएंः सुमन सिंह, ओम प्रकाश सिंह, गोविंद सिंह, संतोष कुमार सिंह, संध्या कुमारी, रिंकी उपाध्याय, संध्या तिवारी, रजनी कांत दुबे, देवेंद्र पाण्डेय, जितेंद्र सिंह, अशोक कुमार सिंह, जितेंद्र तिवारी, प्रियंका सिंह, कंचन कुमारी, शिल्पी कुमारी, गीता कुमारी, डिम्पल कुमारी। अन्य स्टाफ व सहयोगीः चंद्रशेखर कुमार, शैलेश पांडेय, अश्विनी तिवारी, अंकित कुमार एवं इंग्लिश पाल। प्रमाण पत्र पाकर कैडेट्स के चेहरे खिल उठे और उन्होंने भविष्य में भी देश व समाज सेवा के लिए हमेशा अनुशासित रहने का संकल्प लिया।

## चैनपुर में खेत मजदूर यूनियन का धरना, सम्राट सरकार पर हमला



लोकतंत्र की आवाज

**भभुआ कैमूर-** बिहार प्रांतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन अंचल कमेटी चैनपुर के द्वारा जनता की ज्वलंत समस्याओं को लेकर गुरुवार को चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी/अंचलाधिकारी के समक्ष धरना दिया गया। धरने की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष कामरेड परमेश्वर राम ने की।

**सम्राट सरकार पर साधा निशाना :** धरने को संबोधित करते हुए राज्य अध्यक्ष कामरेड रंगलाल पासवान ने सम्राट चौधरी सरकार की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि उनके शासन में हत्या और बलात्कार की बाढ़ सी आ गई है। डी. बंदोपाध्याय आयोग की चर्चा करते हुए उन्होंने बिहार में 22 लाख एकड़ जमीन बांटने की बात कही। साथ ही सम्राट सरकार द्वारा प्रति घर से 1200 रुपये सालाना वसूली के तुगलकी फरमान को वापस लेने की मांग की।

**लाल झंडे की सरकार से ही कल्याणः** बिहार राज्य किसान सभा के जिला मंत्री कामरेड भीम सिंह ने आंदोलन का समर्थन करते हुए कहा कि देश और राज्य की सरकार जनता को लूटने के लिए बनी हुई है। जब तक लाल झंडे की सरकार नहीं बनेगी, जनता का कल्याण नहीं होने वाला है।

नीट पेपर लीक पर केंद्र सरकार को घेरा नेताओं ने नीट पेपर लीक मामले में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा मांगा। कहा कि सीजेपी पार्टी एवं अन्य संगठन हजारों की संख्या में जंतर-मंतर पर धरना/प्रदर्शन कर रहे हैं। सोनम वांगचुक आमरण अनशन पर बैठे हैं, लेकिन गोदी मीडिया इसे नहीं दिखा रही है।

**39 छात्रों की गिरफ्तारी का विरोध :** वक्ताओं ने नालंदा के नगर नौसा प्रखंड में डिग्री कॉलेज की मांग करने वाले एसएफआई के राज्याध्यक्ष कांति कुमारी सहित 39 छात्र-छात्राओं को गिरफ्तार कर 15 दिनों से जेल में बंद रखने का विरोध किया। उन्हें अविलंब रिहा करने की मांग करते हुए 10 अगस्त को जेल भरो आंदोलन को सफल बनाने की जनता से अपील की।

**8 सूत्री मांग-पत्र सौंपा :** धरने के बाद पांच सदस्यीय शिष्टमंडल ने अंचलाधिकारी से मिलकर 8 सूत्री मांग-पत्र सौंपा। धरने को जिला अध्यक्ष कामरेड लालमोहर राम, सचिव कपिल देव राम, पूर्व अध्यक्ष मनोहर राम, रमाशंकर राम, बृजेश कुमार सिंह, बनारसी मुसहर, अनीता देवी आदि ने संबोधित किया। धरने में कामरेड रामधनी राम, दया शंकर राम, फूल कुमारी देवी, अंजू देवी, थाना देवी, मालती कुंवर, जुलेखा बीवी सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे। पुरजोर नारों के साथ धरने की कार्यवाही समाप्त हुई।

## 61 पुड़िया हेरोइन के साथ एक तस्कर गिरफ्तार, 21.33 ग्राम मादक पदार्थ बरामद

लोकतंत्र की आवाज



**दुर्गावती।** गुप्त सूचना के आधार पर कैमूर पुलिस ने दुर्गावती थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए 61 पुड़िया हेरोइन के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, दिनांक 05.07.2026 को सुबह करीब 09:00 बजे सूचना मिली कि दुर्गावती थाना क्षेत्र के ग्राम बहेरा स्थित रेलवे लाइन के समीप नदी किनारे एक व्यक्ति हेरोइन छिपाकर उसकी बिक्री कर रहा है। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम में थानाध्यक्ष दुर्गावती गिरीश कुमार, जिला आसूचना इकाई के पुलिस निरीक्षक अवधेश कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक रौशन कुमार तथा सहायक अवर निरीक्षक धनंजय कुमार शामिल थे। गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके से अभिषेक कुमार सिंह (20 वर्ष), पिताझ्र मनोज सिंह, थानाझ्र दुर्गावती, जिलाझ्र कैमूर को दंडाधिकारी की उपस्थिति में गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 61 पुड़िया हेरोइन, जिसका कुल वजन 21.33 ग्राम है, बरामद किया गया। इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट, 1985 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## कैमूर जन सुराज की बैठकः बाँकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए रणनीति तैयार, 30 जुलाई को रवाना होगा प्रचार दल

लोकतंत्र की आवाज



**कैमूर :** सोमवार को जन सुराज पार्टी के जिला कार्यालय, कैमूर में बाँकीपुर (पटना) विधानसभा उपचुनाव-2026 के चुनाव प्रचार में कार्यकर्ताओं की सहमति और भागीदारी को लेकर एक महत्वपूर्ण और तात्कालिक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बंश लोचन राम ने की तथा मंच संचालन जिला मुख्य प्रवक्ता डॉ. एस.एन. चौबे द्वारा किया गया।

**बैठक के मुख्य बिंदुः** प्रचार दल की रवानगीः जिला अध्यक्ष ने बताया कि कैमूर जिला के सभी जिला पदाधिकारियों, प्रखंड पदाधिकारियों, मोर्चा प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों और सक्रिय कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में 30 जुलाई 2026 को एक विशाल प्रचार दल बाँकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रस्थान करेगा।

**प्रशांत किशोर के पक्ष में मतदान की अपीलः** यह दल जन सुराज पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी प्रशांत किशोर जी के पक्ष में चुनाव प्रचार-प्रसार की कमान संभालेगा। कार्यकर्ताओं से आह्वानः जिला मुख्य प्रवक्ता डॉ. एस.एन. चौबे ने सभी निष्ठावान एवं सक्रिय साथियों से आग्रह किया कि वे इस महत्वपूर्ण अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें और जन सुराज के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएँ।

**बैठक में उपस्थित प्रमुख साथीः** इस बैठक में मुख्य रूप से कार्यालय प्रभारी हरिहर पांडेय, जिला प्रवक्ता डॉ. सुनीता देवी, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष मृगेंद्र तिवारी, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष इम्तियाज अहमद, कर्पूरी मंच के जिला अध्यक्ष आमोद कुमार बिंद, और बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष चन्द्र कांत तिवारी उपस्थित रहे। साथ ही वरिष्ठ नेता कृष्णा सिंह, सुरेश यादव, दया शंकर पांडेय, कमलाकांत उपाध्याय, कामेश्वर तिवारी, जनार्दन पासवान, पिंटू तिवारी, उदय चौबे, इंद्र मानो कुशवाहा, इंदु देवी, वार्ड सदस्य गीता देवी सहित कैमूर जिला के तमाम समर्पित जनसुराजी साथियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और चुनाव अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## चांदनी चौक पर कचरे का अंबार, परेशान व्यापारी

लोकतंत्र की आवाज



**मोहनिया शहर के व्यस्ततम चांदनी चौक** (हनुमान मंदिर के समीप) पर रोजाना फेंके जा रहे कचरे और सब्जी मंडी के अपशिष्ट के कारण स्थानीय व्यापारियों और राहगीरों का जीना दूभर हो गया है। दुकानदारों का कहना है कि पूरे बाजार का कूड़ा इसी मुख्य चौराहे पर गिराया जा रहा है, जिससे उठने वाली तीव्र दुर्गंध के कारण दुकानों पर बैठना भी मुश्किल हो गया है। स्थिति इतनी खराब है कि आने वाले ग्राहक भी नाक बंद करके आते हैं। व्यापारियों ने इस समस्या को लेकर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी से भी शिकायत की, लेकिन वहां से कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली। चांदनी चौक स्थित मंगलम साड़ीज के संचालक प्रमोद केसरी ने बताया कि आसपास का कचरा उठाकर यही परी इकट्ठा किया जाता है जिससे निकालने वाली दुर्गंध की वजह से यहां रहना मुश्किल हो गया है और व्यवसाय पर भी असर पड़ रहा है। सफाई कर्मियों को मना भी किया जाता है लेकिन वे लोग हम लोगों की एक बात भी नहीं मानते। इस गंभीर समस्या पर संज्ञान लेते हुए मोहनिया की एसडीएम रत्ना प्रियदर्शिनी ने बताया कि चांदनी चौक एक चिन्हित कूड़ा स्थल है, लेकिन वहां गंदगी और दुर्गंध न फैले इसके लिए कड़े निर्देश जारी किए जा रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि अब वहां नियमित रूप से साफ-सफाई की जाएगी और चूने का छिड़काव भी होगा। इसके अलावा, सुबह जल्दी (अर्ली मॉर्निंग) ही कूड़े का उठाव सुनिश्चित किया जाएगा ताकि व्यापारियों को दिक्कत न हो। एसडीएम ने यह भी जानकारी दी कि कचरा प्रबंधन के लिए एक 'वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट' बनाने हेतु भूमि का चयन किया जा रहा है और जल्द ही इस पर काम शुरू होगा।

## शहीद भवन में मनी बाबू जगजीवन राम की 40वीं पुण्यतिथि

लोकतंत्र की आवाज



**भभुआ/कैमूर-** जिला मुख्यालय स्थित कांग्रेस कार्यालय शहीद भवन भभुआ में भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की 40वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष राधेश्याम कुशवाहा ने की, जबकि संचालन भभुआ प्रखंड अध्यक्ष हरीश कुमार तिवारी ने किया।

**सांसद मनोज कुमार ने दी श्रद्धांजलि :** मुख्य अतिथि के रूप में सासाराम के सांसद माननीय मनोज कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने बाबू जगजीवन राम के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। अपने संबोधन में सांसद ने कहा कि बाबू जगजीवन राम एक भारतीय राजनेता तथा भारत के प्रथम दलित उप-प्रधानमंत्री एवं महान स्वतंत्रता सेनानी थे। वे संविधान सभा के सदस्य भी रहे। बाबूजी ने आजीवन समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा में लाने के लिए संघर्ष किया। वे शोषितों और पिछड़ों की एक मजबूत आवाज थे, जिन्होंने भारतीय राजनीति और समाज को नई दिशा दी।

**35 साल तक रहे कैबिनेट मंत्रीः** जिला अध्यक्ष राधेश्याम कुशवाहा ने बाबू जगजीवन राम के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे एक स्वतंत्रता सेनानी और राष्ट्रीय नेता थे जिन्होंने दलितों के उत्थान के लिए अथक संघर्ष किया। वे 35 वर्षों तक केंद्रीय मंत्रिमंडल में मंत्री रहे - कई महत्वपूर्ण विभागों का कार्यभार संभालने वाले सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले मंत्री थे। उन्होंने अभूतपूर्व सुधार किए। खाद्य एवं कृषि मंत्री के रूप में उन्हें भारत में 'हरित क्रांति' की सफलता का श्रेय दिया जाता है, जबकि रक्षा मंत्री के रूप में उन्होंने 1971 के युद्ध में भारत को ऐतिहासिक जीत दिलाई। कार्यक्रम में युवा कांग्रेस अध्यक्ष सूचित पाण्डेय, जिला प्रवक्ता सैयद नफीसुद्दीन, गंगाधर उपाध्याय, पूर्व प्रदेश सचिव सुदर्शन राम, कार्यालय सचिव महेंद्र राम, भभुआ प्रखंड उपाध्यक्ष मिथलेश कुमार तिवारी, मुकेश पटेल, कृष्ण मोहन पाण्डेय, इरशाद अहमद, उपेंद्र राम, जय प्रकाश कुमार, विनोद कुमार, मोहन बिंद सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ऐतिहासिक क्षणः रामगढ़ के जलसा पैलेस में जुटे कैमूर के सभी 27 मंडल अध्यक्ष, मनाई गई डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती

लोकतंत्र की आवाज



**कैमूर।** जिले के रामगढ़ में जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती के अवसर पर कैमूर जिला भाजपा के इतिहास में पहली बार एक अभूतपूर्व और ऐतिहासिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत स्थित जलसा पैलेस में आयोजित इस भव्य समारोह में कैमूर जिला के सभी 27 मंडलों के मंडल अध्यक्षों ने एक साथ एकत्रित होकर अपनी एकजुटता और सांगठनिक शक्ति का परिचय दिया।

**वरिष्ठ नेताओं की अध्यक्षता और कुशल संचालनः** इस गरिमामयी जयंती समारोह की अध्यक्षता रामगढ़ के नगर अध्यक्ष संजय जायसवाल ने की। कार्यक्रम का कुशल और सफल संचालन रामगढ़ मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह द्वारा किया गया। समारोह की शुरुआत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर और उनके बताए मार्ग पर चलने के संकल्प के साथ हुई।

**जिले भर से जुटे प्रमुख संगठन पदाधिकारीः** कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला भर के कई प्रमुख मंडल अध्यक्ष और वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए, जिनमें प्रमुख नाम निम्नलिखित हैंः रामगढ़ क्षेत्र सेः मंडल अध्यक्ष अविनाश कुशवाहा, रामगढ़ पूर्वी मंडल अध्यक्ष जितेंद्र कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष संदेश चौधरी, नुआंव मंडल अध्यक्ष विकास टावर, और दुर्गावती मंडल अध्यक्ष विपिन केवट। चैनपुर व अन्य क्षेत्रों सेः चैनपुर मंडल अध्यक्ष डिंपल जायसवाल, गोलू सिंह, धर्मेंद्र पाण्डेय, अखिलेश सिंह, सुजीत सिंह, अनिल राय, बजरंगी सिंह और मुद्रीका जायसवाल। मोहनिया क्षेत्र सेः मोहनिया अध्यक्ष नंदन राय, राजेश पाण्डेय, बालेश्वर सिंह, रंजन सिंह और विशाल गुप्ता। भभुआ क्षेत्र सेः भभुआ अध्यक्ष सुमन देवी, सोना चौबे, विजय राम, अभय सिंह और इंद्रजीत पटेल।

**पहली बार रामगढ़ में ऐसा भव्य जुटानः** वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि रामगढ़ विधानसभा के इतिहास में यह पहली बार है जब पूरे कैमूर जिले के सभी 27 मंडलों के अध्यक्ष किसी एक मंच पर इस तरह एकत्रित हुए हैं। जलसा पैलेस में आयोजित इस कार्यक्रम ने संगठन की मजबूती को एक नई दिशा दी है। सभी नेताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 'एक देश में दो निशान, दो प्रधान और दो विधान नहीं चलेंगे' के नारे को याद करते हुए उनके राष्ट्रवाद के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। समारोह के अंत में आए हुए सभी अतिथियों और मंडल अध्यक्षों का आभार प्रकट किया गया।

## वरीय अधिवक्ता स्व. लक्ष्मीकांत राय के श्राद्ध में उमड़े अधिवक्ता, दी श्रद्धांजलि

लोकतंत्र की आवाज



**भभुआ/कैमूर।** रविवार 6 जुलाई 2026 को दोपहर करीब 2 बजे भभुआ वार्ड नंबर 9 छावनी मोहल्ला स्थित आवास पर वरीय अधिवक्ता स्वर्गीय लक्ष्मीकांत राय के श्राद्ध कर्म का आयोजन हुआ। इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ भभुआ के पूर्व महासचिव मंटू पाण्डेय के नेतृत्व में काफी संख्या में अधिवक्तागण श्रद्धांजलि देने पहुंचे।

**तैल चित्र पर अर्पित किए पुष्प :** श्रद्धांजलि सभा में उपाध्यक्ष अनिल कुमार, पूर्व महासचिव गिरीश कुमार श्रीवास्तव, मुन्नन तिवारी, आदित्य सिंह, अंशु तिवारी, परमहंस पांडे, प्रमोद कुमार पांडे, अधिवक्ता कौशलपति पाण्डेय, मनोज कुमार, राजेंद्र सिंह यादव, लक्ष्मीकांत तिवारी, लल्लन तिवारी, गणेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने स्व. लक्ष्मीकांत राय के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

**23 जून को बीएचयू में हुआ था निधन :** पूर्व महासचिव मंटू पाण्डेय ने बताया कि स्व. लक्ष्मीकांत राय मूल रूप से ग्राम बढ़ूपुर, थाना मोहनिया, जिला कैमूर के निवासी थे। वह भभुआ के वार्ड नंबर 9 छावनी मोहल्ला में अपना घर बनाकर रहते थे और सिविल कोर्ट भभुआ में नियमित वकालत करते थे। तबीयत खराब हो जाने के कारण उनका बीएचयू, वाराणसी में इलाज चल रहा था। 23 जून 2026 को भोर 3 बजे इलाज के दौरान उनका निधन हो गया था। श्राद्ध कर्म में उनके पुत्र सोनू कुमार राय सहित परिजन व शुभचिंतक उपस्थित थे।

